mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-29 अंक-262 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा
22 सितम्बर 2025 सोमवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



एशिया कप सुपर-4
@ पेज 7

## तेलंगाना सीएम ने वास्तु दोष के कारण सचिवालय छोड़ा



**हैदराबाद, एजेंसी।** इन दिनों तेलंगाना के सबसे युवा मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी (55 साल) राज्य सचिवालय की नई बिल्डिंग में नहीं बैठ रहे हैं। सीएम अपने सभी काम बंजारा हिल्स स्थित हाई सिक्योरिटी वाले तेलंगाना पुलिस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कर रहे हैं।

इसकी वजह सचिवालय की नई बिल्डिंग में मौजूद कुछ वास्तु दोष हैं। रेवंत से जुड़े एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि 650 करोड़ रुपए में बनी इस 7 मंजिला इमारत में सीएम का भव्य दफ्तर है। मंत्रियों, मुख्य सचिवों समेत शीर्ष नौकरशाहों के भी दफ्तर यहीं हैं।

नई इमारत तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (BRS) के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के समय तैयार हुई। उन्होंने 30 अप्रैल 2023 को इसका उद्घाटन किया। लेकिन, दिसंबर में वे विधानसभा चुनाव हार गए और रेवंत सीएम बन गए।

केसीआर ने भी वास्तु एक चलते ही नए सेक्रेट्रिएट का निर्माण कराया था। उनका मानना था कि पुराने सेक्रेट्रिएट की बिल्डिंग वास्तु के अनुसार नहीं बनी थीं। बतौर सीएम अपने दो कार्यकाल में वे करीब 24 बार ही पुराने सेक्रेट्रिएट आए थे।

## जोजरी नदी में प्रदूषण के मामले पर कल को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट 23 सितंबर को राजस्थान की जोजरी नदी में प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई करेगा। शीर्ष कोर्ट ने 16 सितंबर को इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था और कहा था कि नदी में औद्योगिक कचरे के बहाव से सैकड़ों गांवों की आबादी प्रभावित हो रही है।

शीर्ष कोर्ट की वेबसाइट पर 23 सितंबर की सूची में इस मामले का शीर्षक 20 लाख जिंदगियों को खतरा, राजस्थान की जोजरी नदी में प्रदूषण है। इसकी सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच करेगी।

बेंच ने कहा था कि जोजरी नदी में कपड़ा और टाइल फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में औद्योगिक करचा बहाया जा रहा है। इससे इंसानों और जानवरों दोनों के लिए पीने का पानी जहरीला हो गया है,



प्रधानमंत्री ने 20 मिनट देश को संबोधित किया

# मोदी बोले- आज से जीएसटी बचत उत्सव

### केवल वही खरीदें जिसमें देश का पसीना हो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा- 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही तस्ज्ञ बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गो को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील की कि वही सामान खरीदें जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो।

पीएम ने 20 मिनट के




संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। आज के सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पंसद की चीजें खरीद पाएंगे।

वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी।



## शुभो महालया..., दुर्गा पूजा से पहले पीएम मोदी ने शेयर किया पोस्ट; सीएम ममता ने भी दी बधाई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को महालया की शुभकामनाएं दी हैं। महालया का पर्व दुर्गा पूजा से ठीक एक दिन पहले मनाया जाता है, जिसे लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आप सभी को शुभ महालया की हार्दिक शुभकामनाएं! दुर्गा पूजा का पवित्र दिन नजदीक आ गया है, इस खास मौके पर हमारा जीवन प्रकाश और उद्देश्य से भर जाए एंव मां दुर्गा के आशीर्वाद से आप सभी को अटूट शक्ति, खुशी और बेहतर स्वास्थ्य का वरदान मिले।

## यूपी के लखीमपुर में नदी के कटान में घर बहा

### राजस्थान में लौटते मानसून से चित्तौड़गढ़ में सबसे ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ ,एजेंसी।** देश के 4 राज्यों राजस्थान, पंजाब, गुजरात और हरियाणा से वापसी के बीच मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। मध्य प्रदेश में शनिवार को 25 जिलों में बारिश हुई। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, बलिया, गोंडा समेत 8 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। लखीमपुर-खीरी में 24 घंटे में 8 मकान नदी में समा गए हैं। राजस्थान में भी शनिवार को जाते हुए मानसून के बीच तेज बारिश हुई।

हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून जमकर बरसा है। हालांकि, अब इसकी विदाई का दौर शुरू हो गया है। 20 जून से 20 सितंबर तक बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं में 427 लोगों की मौत हो चुकी है।


महाराष्ट्र के गरबा में लोगों पर गौमूत्र छिड़कने का फरमान

# विहिप बोला- आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगी

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी। आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है।

**विहिप ने कहा-** गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी।

विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा- नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती



का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा।विहिप बोला- गरबा देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने समाचार एजेंसी क्ष्ज्ञ्ढ्ढ से कहा- गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिए हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं। महाराष्ट्र के मंत्री बोले- आयोजकों को फैसला करने का अधिकार महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा।

## सीएम ममता ने बंगाली प्रवासी मजदूरों के उत्पीड़न पर जताई चिंता, बोलीं- एकता में ही भारत की ताकत

**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि देश की ताकत उसकी विविधता और आपसी सम्मान में है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों के साथ उत्पीड़न की घटनाएं सामने आई हैं, जिस पर उन्होंने गंभीर चिंता जताई। ममता ने कहा कि हर भाषा और संस्कृति का सम्मान होना चाहिए, क्योंकि भारत की आत्मा एकता में ही बसती है।

लेक टाउन में भूमि दुर्गा पूजा के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ममता ने कहा कि बंगाल में हर



समुदाय मिलकर त्योहार मनाता है। दुर्गा पूजा बंगाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कोई अपनी मां को मां कहे, कोई अम्मा कहे, लेकिन भावनाओं में कोई फर्क नहीं होता।

### प्रवासी मजदूरों को परेशान करना अस्वीकार्य- सीएम ममता

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के 22 लाख लोग राज्य से बाहर काम करते हैं और 1.5 करोड़ प्रवासी यहां रहकर काम करते हैं।उन्होंने चेतावनी दी कि बंगाली प्रवासी मजदूरों को परेशान करना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि अगर हम एकजुट नहीं रहे, तो देश बंट जाएगा। ममता ने कहा कि बंगाल भारत का हिस्सा है और इसकी संस्कृति, गानों और रचनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

## सरकार की पहल जॉब डैशबोर्ड, ये बताएगा कहां कितनी नौकरी

### एक लिक बताएगा किस क्षेत्र में जॉब कैसा, कौन से कोर्स की डिमांड; जॉब-रेडी टैलेंट बनाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार एक ऐसा स्मार्ट डैशबोर्ड बना रही है, जिस पर यह दिखेगा कि भविष्य में किस सेक्टर में कितनी नौकरी होगी और कैसी स्किल्स की जरूरत होगी। यह डैशबोर्ड ब्रिटेन के 'जॉब एंड स्किल डैशबोर्ड' और अमेरिका के वॉशिंगटन स्टेट के 'लेबर मार्केट एंड क्रिडेंशियल डेटा डैशबोर्ड' की तर्ज पर बनेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में टेलीकॉम और आईटी विभाग से इस पर शुरुआती परामर्श किया। इसमें विभागों ने बताया- आगे 5जी, 6जी, क्वांटम कम्युनिकेशन, सैटेलाइट, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर में किस लेवल के कितने प्रोफेशनल चाहिए होंगे। नए डैशबोर्ड से छात्रों व अभिभावकों को सही कोर्स चुनने में मदद मिलेगी। पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे के अवसरों की जानकारी मिलेगी। संस्थानों को पता चलेगा कि सिलेबस में क्या बदलाव जरूरी है, कौन से नए कोर्स शुरू करने हैं और कौन से कोर्स बंद करने हैं। डैशबोर्ड जॉब-रेडी टैलेंट तैयार करने में गेमचेंजर साबित होगा।



## संयुक्त राष्ट्र शांति दिवस पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले - शांति आत्मा से आती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर कहा कि भारत की विविधता और संवाद की परंपरा आज की अशांत दुनिया के लिए उम्मीद की किरण है। यह दिवस हर साल संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि महात्मा गांधी की अहिंसा की सीख नफरत और हिंसा को कम करने में मददगार साबित हो सकती है। उन्होंने लोगों से युद्ध और असमानता के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष ने इस अवसर पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी याद किया। उन्होंने नेहरू का कथन याद करते हुए कहा कि शांति मन की वह स्थिति है जो आत्मा से आती है। खरगे ने कहा कि यह विचार इस साल के शांति दिवस के थीम शांतिपूर्ण विश्व के लिए कदम उठाओ से मेल खाता है, जो सबको एक करने का संदेश देता है।



महाजन रेंज में युद्धाभ्यास

## रात के अंधेरे में टैंकों ने उड़ाए दुश्मन के ठिकाने

### ड्रोन से मिली लोकेशन, कॉम्बैट व्हीकल ने फायर किए

**बीकानेर,एजेंसी।** बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सप्त शक्ति कमान ने अमोघ फ्यूरी एक्सरसाइज की। रात के अंधेरे में दुश्मन के ठिकानों पर गोला-बारूद बरसाए।

रेतीले धोरों में छिपकर दुश्मन पर फायर किए गए और टैंक से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस युद्धाभ्यास में दुश्मन के काल्पनिक ठिकाने बनाए गए, यहां हेलिकॉप्टर से उतरे और बमबारी करते हुए आगे बढ़े।

1 दिन चली इस एक्सरसाइज में सेना ने युद्ध की क्षमता और आपसी समन्वय को दिखाया। 2 से ज्यादा टुकड़ियों ने महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास किया। ये इंटीग्रेटेड फायर पॉवर एक्सरसाइज थी। इस दौरान जवानों ने युद्धक टैंक, इन्फैंट्री कॉम्बैट वाहन, आक्रमणकारी हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी की क्षमता वाले आर्टिलरी सिस्टम, ड्रोन सहित मॉडर्न हथियार का उपयोग किया।

**ड्रोन ने बताए ठिकाने :** अमोघ फ्यूरी में सेना ने टारगेट तय किए और उन पर एक के बाद एक हमले किए। टैंक के माध्यम से लंबी दूरी के निशाने साधे गए। सुबह से शाम तक चली इस एक्सरसाइज के दौरान पूरा इलाका धमाकों से दहल उठा। सेना के जवानों ने दुश्मन के ठिकानों की सूचना एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई। इसमें ड्रोन का उपयोग भी किया गया।

इस अभ्यास में दुश्मन के ठिकाने को आइडेंटिफाई कर जवान हेलिकॉप्टर से पहुंचे। दूसरी टुकड़ी ने काल्पनिक ठिकानों पर बमबारी कर दी। दुश्मन समझ ही नहीं पाया और सेना के जवानों के आगे सरेंडर कर दिया।



### कॉबैट व्हीकल से फायरिंग

फायर पावर एक्सरसाइज में फायरिंग प्लेटफार्म बनाए गए। यहां बंदूकों, टैंकों और कॉम्बैट व्हीकल से फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। इसमें अलग-अलग टुकड़ियों ने भाग लिया और एक साथ आकर युद्ध करने का कौशल दिखाया। अभ्यास के दौरान कम्युनिकेशन में तैनात जवानों ने भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मिट्टी के धोरों पर वाहनों में कम्युनिकेशन डिवाइस लगाई गई थी। इससे जैसे ही दुश्मन के ठिकाने की लोकेशन मिली, जमीन पर तैनात सैनिकों ने लोकेशन पर अटैक कर दिया। इस अभ्यास में रियल टाइम मैनेजमेंट और टारगेट सिस्टम का उपयोग कर कॉमन ऑपरेटिंग पिक्चर तैयार की गई।



## ग्रेट निकोबार परियोजना : सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, कांग्रेस ने किया पलटवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना को लेकर रविवार को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पर पलटवार किया। रमेश ने कहा कि देश को एक संभावित पर्यावरणीय और मानवीय संकट के प्रति आगाह करना कोई नकारात्मक राजनीति नहीं है, बल्कि गहरी चिंता को जताने का एक स्पष्ट तरीका है। दरअसल, इस परियोजना का विरोध करने को लेकर यादव ने कांग्रेस की आलोचना की थी।

रमेश ने कहा कि पर्यावरण मंत्री इस परियोजना को लेकर कई बार पूछे गए बुनियादी सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना को लेकर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया है। लेकिन देश का ध्यान एक बड़े पर्यावरणीय और मानवीय संकट की ओर खींचना नकारात्मक राजनीति नहीं है, बल्कि यह गंभीर चिंता का संकेत है। उन्होंने



कहा, मंत्री उन बुनियादी सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, जो कांग्रेस इस परियोजना को लेकर लगातार पूछ रही है। रमेश ने पूछा कि क्या यह परियोजना राष्ट्रीय वन नीति 1988 का उल्लंघन नहीं कर रही है, जिसमें लाखों पेड़ों को काटा जाएगा। इस नीति में साफ तौर पर कहा गया है कि उष्णकटिबंधीय वर्षा और आर्द्र वन, खासकर अंडमान और निकोबार जैसे क्षेत्रों में, पूरी तरह से सुरक्षित रखे जाने चाहिए।

**घने जंगलों के बीच नए पेड़ लगाना विकल्प नहीं हो सकता :** उन्होंने कहा कि पुराने और घने जंगलों की जगह नए पेड़ लगाना कभी भी उसका सही विकल्प नहीं हो सकता और इस परियोजना में जो वृक्षारोप की योजना बनाई गई है, वह पूरी तरह से दिखावा है। रमेश ने पूछा कि हरियाणा जैसे दूर और बिल्कुल अलग जलवायु के राज्य में पेड़ लगाकर ग्रेट निकोबार जैसे अनोखे वर्षावनों के नुकसान की भरपाई कैसे की जा सकती है? उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार ने पहले ही उस जमीन का 25 हिस्सा पहले ही खनन के लिए दे दिया है, जबकि यह वह वृक्षारोपण के लिए आरक्षित होनी चाहिए थी।

### जनजातीय परिषद की चिंताओं को किया जा रहा अनदेखा

रमेश ने पूछा कि इस परियोजना को मंजूरी देने से पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से कोई राय क्यों नहीं ली गई? ग्रेट निकोबार की जनजातीय परिषद की चिंताओं को क्यों अनदेखा किया है? द्वीपों में सभी परियोजनाओं में समुदाय की एकता को प्राथमिकता देने की बात करने वाली नीति को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है? उन्होंने यह भी पूछा कि जमीन अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 के तहत किए गए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन में इस नीति और निकोबार के लोगों की मौजूदगी को क्यों खारिज कर दिया गया है?

## दुर्गापुर में तृणमूल नेता की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

**दुर्गापुर, एजेंसी।** दुर्गापुर में तृणमूल कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और निखिल नायक की शनिवार शाम रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार की शाम उनका शव दुर्गापुर नगर निगम के 1 नंबर वार्ड, कमलपुर के दशेरबांध स्थित उनके बगीचे वाले घर से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, शव घर की पहली मंजिल की सीढ़ियों की रेलिंग से फंदे पर लटका हुआ था। 58 वर्षीय निखिल नायक लंबे समय से तृणमूल से जुड़े रहे और इलाके में उनका काफी प्रभाव था। बड़ी संख्या में समर्थक उनके साथ जुड़े थे। जैसे ही उनकी मौत की खबर फैली, कार्यकर्ता और समर्थक मौके पर पहुंच गए और वहां भारी भीड़ जमा हो गई।

मृतक नेता के करीबी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। उनका कहना है कि शव पर संदिग्ध निशान मिले हैं, मृतक के हाथ पर खाना लगा हुआ था और उनके पैर जमीन से सटे हुए थे। इन परिस्थितियों में आत्महत्या संभव नहीं लगती। घटना के बाद गुस्साए कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेरकर विरोध-प्रदर्शन किया और मांग की कि जांच के लिए स्निफर डॉग बुलाया जाए। तृणमूल के 1 नंबर ब्लॉक अध्यक्ष राजीव घोष ने कहा, यह अस्वाभाविक मौत है। यह आत्महत्या नहीं लग रही। पुलिस जांच करे और सच्चाई सामने लाए।

इधर, पुलिस ने घटनास्थल से कुछ सामान बरामद किया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस के डीसी (पूर्व) अभिषेक गुप्ता ने कहा, शव बरामद किया गया है। कुछ साक्ष्य भी मिले हैं। पूर्ण जांच चल रही है और जल्द ही रहस्य से पर्दा उठेगा।

राज्य के पंचायत, ग्रामीण विकास और सहकारिता मंत्री प्रदीप मजूमदार भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा, निखिलबाबू वरिष्ठ संगठनकर्ता थे। उनकी दुखद मौत से हम शोकाकुल हैं। मैंने राज्य सरकार की ओर से पुलिस से निष्पक्ष और तेज जांच की मांग की है। मुझे भरोसा है कि शीघ्र ही सच सामने आएगा।

**महालयाः पुरी में पूर्वजों के लिए श्रद्धा और पिंडदान करने जुटे हजारों श्रद्धालुः** भुवनेश्वर, एजेंसी। पितृ पक्ष की अंतिम तिथि महालया के पावन अवसर पर रविवार को पुरी में हजारों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए श्रद्धा और पिंडदान करने पहुंचे।

श्रीजगन्नाथ मंदिर के उत्तर द्वार, महोदधि तट तथा विभिन्न तीर्थ पुष्करणियों में भक्तों ने अपने पितृ और मातृ पक्ष के तीन पीढ़ियों के पूर्वजों को तिलांजलि अर्पित कर पुण्य प्राप्ति और पारिवारिक कल्याण की प्रार्थना की।

मान्यता है कि पितृ पक्ष के दौरान पूर्वज पृथ्वी लोक पर अवतरित होते हैं और इस काल में श्रद्धा, पिंडदान एवं तर्पण जैसे अनुष्ठानों के माध्यम से उनकी स्मृति का सम्मान किया जाता है तथा उनके आशीर्वाद की कामना की जाती है। विशेष रूप से महालय पर किया गया पिंडदान आत्माओं की मुक्ति और शांति सुनिश्चित करता है।

पुरी के श्वेतगंगा पुष्करणी, मार्कंडेय पुष्करणी, नरेन्द्र पुष्करणी और इंद्रद्युम्न पुष्करणी में भी महालय के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और पिंडदान का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने आटे, चावल और भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद से बने पिंड अर्पित कर पूर्वजों का स्मरण किया।

## ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिलने पर दी बधाई

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रख्यात अभिनेता मोहनलाल को प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, महान अभिनेता मोहनलाल जी को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई। भारतीय सिनेमा की विभिन्न भाषाओं में उनकी बहुमुखी प्रतिभा, उत्कृष्टता और अमूल्य योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान है, जिसे फिल्म उद्योग में जीवनपर्यंत योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। मोहनलाल को यह सम्मान मिलने से न केवल उनके प्रशंसकों में उत्साह है, बल्कि यह भारतीय सिनेमा के गौरव का प्रतीक भी माना जा रहा है।

## अगर हम तेल की खुदाई शुरू कर दें, तो अपने आप खत्म हो जाएगा युद्ध, रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ट्रंप का बयान

**वॉशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, अगर हम तेल की खुदाई (ड्रिलिंग) दोबारा शुरू कर दें, तो यह युद्ध अपने आप रुक जाएगा। अगर तेल की कीमतें थोड़ी और नीचे आ जाएं, तो यह लड़ाई खत्म हो सकती है।

ट्रंप ने अपने रूसी समकक्ष को लेकर भी भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति पुतिन से बहुत निराश हूं। हर हफ्ते 5000 से 700 लोगों की मौत हो रही है। उन्होंने यह बयान अमेरिकी कॉर्नस्टोन इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित रात्रिभोज कार्यक्रम मे दिया, जो माउंट वर्नन में आयोजित किया गया था।

न्यूरोसर्जन बेन कार्सन के लिए प्रेसिडेंशियल मेडल की घोषणा

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि वह बेन कार्सन को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित करेंगे। यह अमेरिका का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है। इस महीने ट्रंप की ओर से घोषित किया गया यह तीसरा ऐसा सम्मान है। अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा, बधाई हो, बेन। उन्हें इस बारे में पहले से कुछ नहीं पता था। उन्होंने हंसते हुए कहा, उन्हें यह नहीं पता था। उम्मीद है वह खुश होंगे। बेन कार्सल एक जाने-माने न्यूरोसर्जन रह चुके हैं और उन्होंने 2016 में रिपब्लिकन पार्टी की ओर राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए ट्रंप के खिलाफ चुनाव लड़ा था। बाद में ट्रंप के पहले कार्यकाल में उन्होंने आवास एवं शहरी विकास मंत्री के रूप में काम किया। एक समय बेन और ट्रंप प्रतिद्वंद्वी रहे, लेकिन बाद में उनके बीच गहरी दोस्ती हो गई।

कार्सन सामाजिक रूप से रूढ़िवादी माने जाते हैं। वह गर्भपात के अधिकार और समलैंगिक विवाह के खिलाफ अपनी राय के लिए जाने जाते हैं। वह एक लोकप्रिय वक्ता और लेखक भी हैं। प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम 1963 में शुरू किया गया था। यह उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने अमेरिका की सुरक्षा, राष्ट्रीय हितों, विश्व शांति, सांस्कृतिक क्षेत्र या अन्य महत्वपूर्ण जनहित के कार्यों में विशेष योगदान दिया हो।

## बगराम एयरबेस नहीं सौंपा तो अंजाम बुरा होगा, अफगानिस्तान को ट्रंप की चेतावनी; वॉशिंगटन में अपराध पर दावा

**वॉशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर तालिबान सरकार ने बगराम एयरबेस अमेरिका को वापस नहीं किया, तो बुरी चीजें होंगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अगर अफगानिस्तान बगराम एयरबेस उसे वापस नहीं देता जिसने इसे बनाया था, यानी अमेरिका को, तो बुरी चीजें होने वाली हैं।

**बगराम एयरबेस की अहमियतः** अफगानिस्तान में मौजूद बगराम एयरबेस दुनिया के सबसे बड़े सैन्य ठिकानों में से एक है। 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद यह एयरबेस तालिबान के नियंत्रण में चला गया था।

# पोल तोड़ ट्रांसफॉर्मर से जा टकरायी रोडवेज बस, कई घायल

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार लक्सर मार्ग पर रविवार दोपहर रोडवेज की एक बस बिजली के ट्रांसफॉर्मर से जा टकराई। बस के ट्रांसफॉर्मर में टकराने के बाद अफरा तफरी मच गई। इस हादसे में ड्राईवर सहित कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक रोडवेज बस के ड्राइवर को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से वह बस से संतुलन खो बैठा। जिसकी वजह से बस बिजली के पोल को तोड़ते हुए ट्रांसफार्मर में जा घुसी। जिस वक्त ये हादसा हुआ उस वक्त बस पूरी तरह से यात्रियों से भरी हुई थी। अचानक बस पोल से टकराने के कारण उसमें करंट दौड़ पड़ा।



जिससे बस में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान सभी यात्री बस से निकलने की कोशिश करने लगे। जिसके कारण कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं।

घटना की जानकारी आनन-फानन में पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और बिजली विभाग की टीम ने हालात पर काबू पाया।

ड्राइवर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हॉस्पिटल भेजा गया है। रोडवेज बस के ट्रांसफॉर्मर से टकराने के बाद सड़क पर ट्रैफिक बाधित हो गया। कुछ लोगों ने बस में मौजूद सवारियों की मदद की।

## कैनिंग में खून से लथपथ शव बरामद, इलाके में सनसनी

**दक्षिण, एजेंसी।** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग में रविवार सुबह खून से सना एक शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना कैनिंग-1 ब्लॉक के दिघीरपार ग्राम पंचायत के मातला नदी के फिशरी इलाके की है। सुबह स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही कैनिंग थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर कैनिंग महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल से पुलिस को खून से सने कपड़े और एक मोबाइल फोन मिला। मोबाइल की मदद से मृतक की पहचान शमीम पायलान के रूप में हुई, जो उस्ती थाना इलाके का निवासी था।

## पुलिस ने 86 मोबाइल फोन बरामद कर असल मालिकों को लौटाया



**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** प्रधान नगर थाने की पुलिस ने चोरी, छिनतई और खोए हुए 86 मोबाइल बरामद कर असल मालिक को सौंप दिया है। प्रधान नगर थाने में रविवार को आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से थाना प्रभारी बीडी सरकार ने मोबाइलों को उनके मालिकों को सौंपा। जिसके बाद महालया के दिन खोया मोबाइल पाकर सभी के चेहरों पर मुस्कुराहट लौट आई। इस विषय पर प्रधान नगर थाना प्रभारी बीडी सरकार ने बताया कि मॉनिटरिंग सेल ने विगत तीन महीने की जांच के बाद 86 मोबाइल बरामद किए।

## सड़क पर पलटी सेब लदी लॉरी, कोई हातात नहीं

**जलपाईगुड़ी, एजेंसी।** सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजगंज ब्लॉक के बंधुनगर इलाके में रविवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। हिमाचल से अगरतला की ओर जा रही सेब से लदी एक लॉरी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, हालांकि लॉरी के सह चालक को हल्की चोटें आई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तड़के तीन बजे सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजगंज ब्लॉक के बंधुनगर इलाके से लॉरी गुजर रही थी, तभी अचानक लॉरी का टायर ब्लास्ट हो गया। जिससे चालक लॉरी पर से नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते लॉरी सड़क किनारे पलट गई और उसमें लदा सेब इधर-उधर बिखर गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक और सह



चालक को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाया। इस बीच दुर्घटना की खबर मिलते ही भोरेर आलो थाना पुलिस और फूलबाड़ी राजमार्ग यातायात चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त लॉरी को रेस्क्यू कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। है

# महिला से कुंडल छीनने वाला आरोपित दबोचा

**हरिद्वार, एजेंसी।** महिला के कुंडल छीनकर फरार होने के आरोपित को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से छीने गए कुंडल व घटना में प्रयुक्त बाईक को बरामद कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्रांतर्गत एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति पीछे से झपट्टा मारकर 19 सितम्बर को महिला के कान से उसके कुण्डल छीनकर फरार हो गया था। इस



संबंध में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने आज चैकिंग के दौरान आरोपित को नहर पटरी से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपित के पास से छीने गए कुडल व घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद की है।

आरोपित का नाम पता नसरत पुत्र खलील निवासी इक्कड कलां थाना पथरी हरिद्वार उम्र 25 वर्ष बताया गया है।


## पालघर रेलवे स्टेशन पर बंद आरक्षण काउंटर फिर से शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** पालघर रेलवे स्टेशन पर बंद किए गए आरक्षण काउंटर अब फिर से शुरू होंगे। सांसद डॉ. हेमंत सवरा के लगातार प्रयासों से रेलवे प्रशासन ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सितंबर 2025 के दूसरे सप्ताह से पालघर स्टेशन पर सुबह और शाम के आरक्षण काउंटर बंद कर दिए गए थे। इससे यात्रियों को टिकट बुकिंग में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। त्योहारों और छुट्टियों के मौसम में यह समस्या और बढ़ जाती थी। पालघर जिला मुख्यालय होने के साथ-साथ तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। यहां प्रस्तावित जेएसडब्ल्यू पोर्ट, नया विमानतळ, मुंबई-वडोदरा महामार्ग, बुलेट ट्रेन प्रकल्प और औद्योगिक क्षेत्र की वजह से यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके चलते आरक्षण की मांग भी ज्यादा हो गई है।

यात्रियों की परेशानी को देखते हुए सांसद डॉ. सवरा ने रेलवे प्रशासन से लगातार संपर्क साधा और ठोस पहल की। इसके परिणामस्वरूप पालघर स्टेशन पर अब सुबह दो और शाम दो ङ्क कुल चार आरक्षण काउंटर शुरू होंगे। इस फैसले से न सिर्फ पालघर शहर बल्कि पूरे जिले के यात्रियों को बड़ी राहत सुगम हो जाएगी।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप-जेलेंस्की की होगी मुलाकात, रूस और कड़े प्रतिबंधों की करेंगे मांग

**वॉशिंगटन,एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के दौरान अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इसका मकसद रूस के खिलाफ और अधिक सख्त प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका पर दबाव बनाना है। अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जेलेंस्की ने यह घोषणा शनिवार को ऐसे समय में की, जब रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। यूरोप के पूर्वी हिस्से में भी इस युद्ध के फैलने की आशंका को लेकर बढ़ गई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, अब हम अमेरिका से (रूस के खिलाफ) और अभी सख्त प्रतिबंधों की उम्मीद कर रहे हैं। यूरोप अपनी भूमिका निभा रहा है।



**दबाव के आगे नहीं झुक रहा रूसः** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पहले संकेत दे चुके हैं कि वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने को तैयार हैं। लेकिन उन्होंने शर्त रखी है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मिलकर रूस से तेल खरीब बंद करने पर सहमत हों। ट्रंप युद्धविराम की कोशिशें कर रहे हैं, लेकिन रूस अब तक ऐसे दबावों के आगे नहीं झुका है।

**दीर्घकालिक सुरक्षा गारंटी मांग सकते हैं जेलेंस्कीः** जेलेंस्की इस बैठक में यह मुद्दा भी उठाएंगे कि युद्धविराम के बाद यूक्रेन को भविष्य में रूसी हमलों कैसे सुरक्षित रखा जाए। वह अमेरिका से दीर्घकालिक सुरक्षा गारंटी की मांग कर सकते हैं। उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि वह यूक्रेन में किसी भी पश्चिमी सेना की तैनाती को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**रूस ने हाल में किया बड़ा हमलाः** अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने हाल ही में रात के समय सबसे बड़ा हमला किया, जिसमें चालीस मिसाइलें और करीब 580 ड्रोन छोड़े गए। इस हमले में तीन लोगों की मौत हुई और दर्जनों लोग घायल हुए। नाटो सहयोगियों ने रूस की आक्रामकता को देखते हुए यूरोप की पूर्वी सीमाओं पर अपनी सुरक्षा को मजबूत किया है। पोलैंड की सेना ने शनिवार को बताया कि रूसी हमलों के बाद पोलिश और सहयोगी देशों के लड़ाकू विमान रोकथाम अभियान के तहत उड़ान भर चुके हैं।

**ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने की पोलैंड में गश्तः** इसी बीच, ब्रिटेन ने भी पुष्टि की है कि उसके लड़ाकू विमानों ने नाटों मिशन ईस्टर्न सेंट्री के तहत पहली बार पोलैंड के वायु क्षेत्र में गश्त की है, ताकि रूसी हवाई हमलों के खतरों से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तनाव उस समय और बढ़ गया, जब शुक्रवार को तीन रूसी लड़ाकू विमान कथित तौर पर एस्टोनिया की हवाई सीमा में घुस गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना से इनकार किया है। हालांकि एस्टोनिया के अधिकारियों ने कहा कि यह घुसपैठ 12 मिनट तक रही और रडार व विजुअल निगरानी दोनों से प्रमाणित हुई है।

## कटॉक के एल्गोरिदम पर होगा अमेरिकी नियंत्रण बोर्ड की सात में छह सीटें अमेरिकियों के पास होंगी




**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच बन रहे नए सौदे के तहत टिकटॉक के अमेरिकी संचालन पर नियंत्रण अमेरिका के पास होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को बताया कि इस सौदे में टिकटॉक के वीडियो फीड चलाने वाले एल्गोरिदम पर अमेरिकी कंपनियों का नियंत्रण रहेगा और अमेरिका के नागरिकों को सात सदस्यीय बोर्ड में छह सीटें मिलेंगी।

अमेरिका और चीन के बीच इस विवाद का बड़ा मुद्दा यह था कि टिकटॉक की चीनी पैरेंट कंपनी बाइटडांस के हिस्सेदारी बेचने के बाद भी क्या चीन एल्गोरिदम पर पकड़ बनाए रखेगा। कांग्रेस ने जनवरी में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून पास किया था, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार आदेश देकर टिकटॉक को अस्थायी छूट दी, ताकि बाइटडांस और अमेरिकी कंपनियों के बीच समझौता हो सके।

**डेटा और सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी ओरेकलः** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि टेक दिग्गज ओरेकल टिकटॉक के डेटा और सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि नियोजित बोर्ड की सात में से छह सीटों पर अमेरिकियों का नियंत्रण होगा।

# यूएस में भारतीय दूतावास ने जारी किया इमरजेंसी सहायता नंबर वीजा शुल्क को लेकर समस्याओं का होगा निदान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला किया। इसके तहत अब अमेरिका में कंपनियों को दूसरे देशों के उच्च कौशल क्षमता वाले लोगों को नौकरी देने के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा के लिए फीस में बढ़ोतरी कर इसे एक लाख डॉलर सालाना करने का निर्णय ले लिया है। ट्रंप के इस फैसले के बाद वहां काम करने वाले भारतीय पेशेवर संकट में है। इस बीच, भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए यूएस में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी और इमरजेंसी सहायता नंबर जारी किए हैं। भारतीय दूतावास द्वारा जारी एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि अगर उन्हें तत्काल मदद की जरूरत हो तो वे +1-202-550-9931 नंबर पर संपर्क करें। यह नंबर व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध है। दूतावास साफ किया




है कि यह नंबर केवल आपातकालीन मामलों के लिए है और सामान्य दूतावास सेवाओं के लिए इसका उपयोग न किया जाए।

**व्हाइट हाउस ने भी जारी किया स्पष्टीकरणः** वहीं, इस बीच वीजा के नए नियमों को लेकर कई गलत खबरों को व्हाइट हाउस ने खारिज किया है और स्पष्टीकरण जारी किया है। वरिष्ठ अमेरिकी प्रशासनिक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल नए ॥-1क्ष वीजा आवेदनों पर लागू होगा। वर्तमान में वीजा धारक या जो लोग अमेरिका से बाहर हैं, उन्हें इस शुल्क का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें अमेरिका लौटने में जल्दबाजी करने की आवश्यकता नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने भी नए नियमों को लेकर अहम जानकारी दी है।

यह 1 लाख डॉलर शुल्क वार्षिक नहीं है, बल्कि एकमुश्त (one-time) शुल्क है, जो केवल नये H-1B आवेदन पर लागू होगा।

जो लोग पहले से H-1क्ष वीजा धारक हैं और फिलहाल देश से बाहर हैं, उन्हें दोबारा अमेरिका लौटने के लिए यह शुल्क नहीं देना होगा।

# गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए एमपी ट्रांसको का बड़ा कदम

## जिले के पांचो सभी स्टेशनों सहित प्रदेश के 412 सब स्टेशनों में कैपेसिटर बैंक स्थापित





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कंपनी के प्रदेश के अपने 417 सबस्टेशनों में से 412 पर विभिन्न क्षमताओं के कैपेसिटर बैंक सक्रिय है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कैपेसिटर बैंकों की व्यवस्था से प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्ता और स्थिर वोल्टेज पर बिजली आपूर्ति संभव हो रही है।

**सीधी जिले के पांचो सब स्टेशनों में कैपेसिटर बैंक:** सीधी जिले में भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिले के पांचों एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों पर कुल 84 एमवीएआर क्षमता के कैपेसिटर बैंक स्थापित हैं। इनमें 220 केवी उपकेंद्र सीधी पर 12 एमवीएआर, 132 केवी उपकेंद्र सीधी पर 24 एमवीएआर, 132 केवी उपकेंद्र मड़वास पर 12 एमवीएआर, 132 केवी उपकेंद्र सिहावल पर 12 एमवीएआर और 132 केवी उपकेंद्र रामपुर नैकिन पर 24 एमवीएआर क्षमता के कैपेसिटर बैंक लगाए गए हैं।

**प्रदेश मे कुल 751 कैपेसिटर बैंक:** प्रदेश स्तर पर एमपी ट्रांसको के कुल 751 कैपेसिटर बैंक सक्रिय हैं। इनमें 220 केवी सबस्टेशनों पर 145 केवी स्तर के 32 कैपेसिटर बैंक तथा 132 केवी सबस्टेशनों पर 36 केवी स्तर के 719 कैपेसिटर बैंक शामिल हैं। इनकी संयुक्त स्थापित क्षमता 9278.5 एमवीएआर है, जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को स्थिर और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**52 पुराने केपेसिटर बैंको को बदला गया:** कंपनी ने 52 पुराने कैपेसिटर बैंकों की पहचान भी की है, जिनकी समयावधि पूरी हो चुकी है और जो अपेक्षित कैपेसिटिव लोड देने में सक्षम नहीं रह गए हैं। मुख्य अभियंता श्री अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि इन स्थानों पर अधिक क्षमता वाले कैपेसिटर बैंकों की स्थापना कर उनकी प्रतिस्थापना और क्षमता वृद्धि का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

**क्यों जरूरी है कैपेसिटर बैंक:** सबस्टेशनों से विद्युत आपूर्ति के दौरान अक्सर पावर ट्रांसफार्मर्स पर इंडक्टिव लोड बढ़ जाता है, जिससे वोल्टेज में गिरावट आती है और बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। कैपेसिटर बैंक अपने कैपेसिटिव लोड के माध्यम से इस प्रभाव को संतुलित करते हैं। इससे पावर फैक्टर में सुधार होता है और उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होती है।

## मुस्लिम युवक का अनूठा प्रदर्शन, बोले- बलिदान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं; भारत-पाक मैच से पहले मुंडन कर सैनिकों को किया सलाम



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** एक मुस्लिम युवक ने भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच से पहले अनूठा प्रदर्शन किया। युवक ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए भारतीय सैनिकों के सम्मान में अपना मुंडन करवाया। जिले के संयुक्त कार्यालय के सामने धरना स्थल पर आबिद नाम के युवक ने अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेला। इसके बाद उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना सिर मुंडवाया। आबिद ने कहा कि पाकिस्तान के साथ खेल आयोजन करना शहीदों का अपमान है।

**घर का टीवी तोड़ चुके हैं आबिद:** आबिद ने बताया कि वह पहले ही गुस्से में अपना टीवी तोड़ चुके हैं। उनका मानना है कि खेल भावना अलग बात है। लेकिन देश की सुरक्षा और सैनिकों की शहादत के मामले में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। स्थानीय लोगों ने इस विरोध की सराहना की। उन्होंने कहा कि सैनिकों का सम्मान जाति और धर्म से ऊपर है। शहडोल की जनता ने भी आबिद के इस कदम को देशभक्ति का प्रतीक बताया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि देशवासियों को एकजुट होकर संदेश देना चाहिए। शहीदों के बलिदान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# चुरहट में नेहरू की प्रतिमा को नुकसान, मानसिक विक्षिप्त युवक ने प्रतिमा के टुकड़े 2 किलोमीटर दूर फेंके



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के चुरहट नगर पंचायत में रविवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। नगर के मुख्य मार्ग चौराहे पर स्थापित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह करीब 10 बजे आरोपी ने 15 साल पुरानी प्रतिमा को उखाड़कर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के समाधि स्थल के पास फेंक दिया। इस दौरान प्रतिमा का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेताओं ने विरोध जताया।

पुलिस और प्रशासन की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रतिमा की खोज शुरू की। चार घंटे की मेहनत के बाद प्रतिमा के दोनों हिस्से मिले। माहौल को शांत रखने के लिए प्रतिमा को अस्थायी रूप से पुनः स्थापित किया गया।

**तीसरी बार तोड़ी प्रतिमा:** नगर पंचायत के समाजसेवी विजय गुप्ता ने प्रशासन पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि यह तीसरी बार है जब नेहरू प्रतिमा तोड़ी गई है। अब तक किसी आरोपी को सजा नहीं मिली। चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे न होने से ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

**मानसिक रूप से विक्षिप्त है आरोपी:** चुरहट थाना प्रभारी दीपक बघेला ने कहा कि आरोपी बेटू रावत (30) मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसी किसी भी घटना को देखें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## चिट फंड कंपनी का फर्जीवाड़ा, बेटी की शादी के लिए जमा किए 2 लाख; 5 साल बाद एजेंट और कंपनी दोनों फरार




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले में एक और चिट फंड कंपनी की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। खुटार इलाके के रहने वाले प्रदीप बियार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्रदीप ने बताया कि 2015 में स्थानीय निवासी राम लखन शाह के कहने पर भारतीय क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में खाता खुलवाया। एजेंट ने वादा किया था कि 600 रुपए की मासिक किश्त से 5 साल बाद 4 लाख रुपए मिलेंगे। बेटी की शादी की योजना को ध्यान में रखते हुए प्रदीप ने यह निवेश किया। उन्होंने हर महीने 600 रुपए जमा किए, जिसकी रसीदें भी उनके पास मौजूद हैं।

अब जब प्रदीप पैसे मांगने जाते हैं, तो राम लखन शाह धमकी देते हैं और पैसे लौटाने से इनकार कर रहे हैं। केवल प्रदीप ही नहीं, उनकी पत्नी, भाई और पिता ने भी इसी कंपनी में पैसे जमा किए थे। अब न तो कंपनी का पता चल रहा है और न ही एजेंट मिल रहा है।

**एजेंट को थाने बुलाएंगे:** खुटार चौकी प्रभारी शीतला यादव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। धोखाधड़ी साबित होने पर कार्रवाई की जाएगी। एजेंट राम लखन शाह को थाने बुलाया जाएगा। सिंगरौली जिले में यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई चिटफंड कंपनियां आदिवासी लोगों को ठग चुकी हैं।

## प्राकृतिक रंगों से माता की मूर्तियां बन रही, 13 फीट ऊंची शिव-पार्वती की प्रतिमा तैयार; 40 पंडालों में होगी स्थापना



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में इस बार मूर्तिकला में एक नई पहल देखने को मिल रही है। ग्राम चौफाल के मूर्तिकार सुनील कुमार पांडे ने पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए भगवान शिव, मां पार्वती और नंदी की मूर्तियां पूरी तरह से इको-फ्रेंडली सामग्री से तैयार की हैं।

तैयार की गई इन मूर्तियों में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया गया है। सोमवार से शहर के विभिन्न पंडालों में इन मूर्तियों की स्थापना शुरू होगी। सीधी शहर के 40 से अधिक पंडालों में इसी कारखाने से निर्मित मूर्तियां स्थापित की जाएंगी।

इस वर्ष की मुख्य आकर्षण 13 फीट ऊंची प्रतिमा है। इसमें भगवान शिव और मां पार्वती काले रंग के नंदी पर विराजमान हैं। मां पार्वती की गोद में बाल गणेश की प्रतिमा भी बनाई गई है।

**मूर्ति बनाने में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया गया:** कलेक्टर स्वरोचिस सोमवंशी के अनुसार, प्रशासन ने मूर्तिकारों को पहले ही प्राकृतिक रंगों और मिट्टी के उपयोग के लिए प्रेरित किया था। इससे विसर्जन के समय जल प्रदूषण को रोका जा सकेगा। मूर्तिकारों ने इस पहल का सकारात्मक स्वागत किया है।

यह पहल न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को संतुष्ट करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। कल से शहर के पंडालों में इन इको-फ्रेंडली मूर्तियों की स्थापना के साथ भक्तिमय माहौल का निर्माण होगा।

## नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की टक्कर, एक घायल, दूसरी बाइक सवार सभी मजदूर नशे में थे



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर शनिवार रात करीब 11:30 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में मोहनिया निवासी सजन पटेल (42) गंभीर रूप से घायल हो गए। सजन पटेल चुरहट से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर बिहार के तीन मजदूर सवार थे। ये मजदूर रीवा जिले के गुढ़ क्षेत्र में काम करते हैं। हादसे के समय सभी जयसवाल ढाबा से शराब पीकर लौट रहे थे।

**घायलों को चुरहट अस्पताल पहुंचाया:** टक्कर में सजन पटेल सड़क पर गिर पड़े। राहगीर धीरेंद्र पांडे ने उन्हें चुरहट अस्पताल पहुंचाया। वहां से उन्हें रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति नाजुक है। दूसरी बाइक के एक सवार को भी गंभीर चोटें आई हैं। उसे भी रीवा रेफर किया गया है।

मजदूर नशे की हालत में होने के कारण उनके नाम-पते की जानकारी नहीं मिल पाई है। मोहनिया चौकी प्रभारी सी.डी. प्रजापति ने बताया कि आवेदन मिलने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

सिंगरौली के कोच की बड़ी उपलब्धि

# भारतीय अंडर-16 महिला बास्केटबॉल टीम ने मलेशिया में जीता पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब





**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** कन्या महाविद्यालय बैढ़न के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. उमाकांत सिंह की कोचिंग में भारतीय अंडर-16 महिला बास्केटबॉल टीम ने मलेशिया में फाइनल मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। यह पहली बार है जब भारतीय अंडर-16 महिला बास्केटबॉल टीम ने विदेश में कोई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती है। यह फाइनल मुकाबला मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने ईरान को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में भारत सहित कुल 10 देशों की टीमों ने हिस्सा लिया था।

कोच डॉ. उमाकांत सिंह ने बताया कि यह गौरवशाली क्षण है। 12 सितंबर को शुरू हुई यह प्रतियोगिता 19 सितंबर को फाइनल मैच के साथ संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और जीत हासिल की।

मूल रूप से ग्वालियर के रहने वाले डॉ. उमाकांत सिंह सात साल से सिंगरौली में स्पोर्ट्स ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वह डेढ़ साल से अंडर-16 राष्ट्रीय महिला बास्केटबॉल टीम के कोच भी हैं। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ देश, बल्कि सिंगरौली में उनके प्रशंसक और साथी भी बहुत खुश हैं।

## सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता की खुली पोल, सड़ रही गौमाता से उठ रही दुर्गंध



**मीडिया ऑडीटर, सिरमौर (निप्र)।** देशभर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता को लेकर सरकार द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरैला में एक शर्मनाक स्थिति सामने आई है।

ग्राम पंचायत अतरैला स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र अस्पताल के सामने, रोड किनारे तालाब के पास बीते तीन दिनों से एक मृत गौमाता का शव सड़ा हुआ पड़ा है। लेकिन न तो ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक ने इस पर ध्यान दिया है और न ही जनपद पंचायत जवा के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इसे हटवाने की कोशिश की।

गौमाता का शव पूरी तरह से सड़ चुका है और उससे उठ रही तेज दुर्गंध के कारण राहगीरों और आसपास के निवासियों का जीना दूभर हो गया है। स्वास्थ्य केंद्र के पास इस तरह की स्थिति न केवल स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाती है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरों को भी जन्म देती है।

स्थानीय प्रशासन की लापरवाही साफ तौर पर उजागर हो रही है। जहां एक ओर सरकार गोवंश की रक्षा और स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार की घटनाएं सरकार के प्रयासों पर बड़े सवाल खड़े कर रही हैं।

स्थानीय लोगों ने गैरजिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## कसेड़ नदी में नहाते समय बही महिला, नदी का बहाव कम करने के लिए बालू की बोरियां लगाईं, नहीं मिली सफलता



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले की कसेड़ नदी के घोघरा घाट पर नहाते समय मुन्नी बाई नाम की महिला बह गई। घटना रविवार को जैतपुर थाना क्षेत्र के बहगढ़ गांव की है। जानकारी के मुताबिक, मुन्नी बाई एक अन्य महिला के साथ नदी में स्नान कर रही थीं। अचानक पानी का बहाव तेज हो गया। मुन्नी बाई का पैर फिसला और वह गहरे पानी में चली गईं। उनके साथ स्नान कर रही दूसरी महिला किसी तरह बच निकली।

सूचना मिलते ही ग्राम बहगढ़ के सरपंच पति गंगाराम बैगा ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ नदी में खोज अभियान शुरू किया। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई।

स्थानीय ग्रामीणों ने सरपंच के नेतृत्व में बचाव कार्य शुरू किया। नदी का बहाव कम करने के लिए बालू की बोरियां लगाकर पानी की दिशा मोड़ने का प्रयास किया गया। पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त टीम महिला की तलाश में जुटी है।

## संकुल स्तरीय संगठनों की वार्षिक साधारण सभा संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला सीधी अंतर्गत 27 संकुल स्तरीय संगठनों (सीएलएफ) की वार्षिक साधारण सभा शनिवार को सम्पन्न हुई।

सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आगामी वर्ष हेतु सामूहिक कार्ययोजना तैयार की। इस दौरान राज्य कार्यालय से प्रदत्त मानक संचालन प्रणाली (एसओपी) का वाचन कर अनुमोदन किया गया तथा इसे संकुल स्तरीय संगठनों में प्रभावी रूप से लागू करने पर चर्चा की गई।

बैठक में वर्तमान में संचालित व्हीपीआरपी प्लान पर विशेष विचार-विमर्श किया गया और इसे और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए रणनीति तय की गई। साथ ही आगामी माह आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में योजना प्रस्तुत करने पर सहमति बनी।

आमसभा में महिलाओं ने एकजुट होकर अपनी समस्याओं को सामने रखा और उनके समाधान पर विचार किया गया। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह (एसएचजी) एवं ग्राम संगठन (व्हीओ) स्तर पर हो रही प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्लोरिनेशन कार्य जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वारोचिष सोमवंशी के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम अमहिया मड़वास में सभी पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन एवं जल नमूनों का परीक्षण कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री त्रयम्बकेश द्विवेदी ने बताया कि सीधी जिले के सभी पेयजल स्त्रोतों का जल परीक्षण नियमित रूप से किया जाता है तथा मानसून के आगमन पर समस्त पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन सुनिश्चित किया गया है।

## संपादकीय

### ट्रंप का आत्मघाती फैसला, अमेरिकी कंपनियों को भी होगा नुकसान

भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन इसलिए भी करने चाहिए क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम उठा सकते हैं जिनके निशाने पर भारत हो। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो लेकिन वे भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। उनके इस फैसले से भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी कंपनियों पर भी बुरा असर पड़ेगा और इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं।

यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों का बहुत योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है। यह ठीक है कि इन कामगारों में अच्छी-खासी संख्या अवैध तरीके से अमेरिका पहुंचे लोगों की है, लेकिन यदि ऐसे सभी लोगों को निष्कासित कर दिया जाएगा तो अमेरिका में काम-धंधा ठप होने की नौबत आ जाएगी।

निःसंदेह अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले ने भारतीय आइटी कंपनियों के समक्ष फौरी तौर पर परेशानी खड़ी कर दी है, लेकिन वे इस समस्या का कोई न कोई समाधान निकाल लेंगी। यदि उनके साथ अमेरिकी कंपनियां भी अपना कारोबार बाहर ले जाती हैं या आउटसोर्स करती हैं तो इससे कुल मिलाकर अमेरिका को ही नुकसान होगा। चूंकि एच-1 बी वीजा धारकों के सबसे अधिक लाभार्थी भारतीय हैं, इसलिए अमेरिका में नौकरी करने के इच्छुक युवाओं को झटका लगेगा, लेकिन भारतीय कारोबारी उनके लिए देश में ही काम के अवसर पैदा कर सकते हैं। उन्हें ऐसा करना भी चाहिए। उन्हें ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन इसलिए भी करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम उठा सकते हैं, जिनके निशाने पर भारत हो। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

# अवैध धर्मांतरण पर राजस्थान का ऐतिहासिक कानून

**राजस्थान विधानसभा में पारित राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 को समाज के व्यापक वर्गों ने स्वागत योग्य और ऐतिहासिक बताया है। यह विधेयक न केवल अवैध धर्मांतरण पर सख्त अंकुश लगाने वाला है, बल्कि भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता की रक्षा का सशक्त साधन भी बनेगा। लंबे समय से समाज में यह मांग उठ रही थी कि धर्म की स्वतंत्रता के नाम पर चल रहे सुनियोजित षड्यंत्रों पर लगाम कसने के लिए कठोर कानून बनाया जाए। राजस्थान ने इस दिशा में जो कदम उठाया है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक मिसाल बनेगा।**

**विनोद बंसल**

भारत एक लोकतांत्रिक और पंथ निरपेक्ष राष्ट्र है। यहाँ हर नागरिक को अपनी आस्था और पूजा-पद्धति का पालन करने की स्वतंत्रता है। किंतु यह स्वतंत्रता तभी तक सार्थक है जब तक इसका दुरुपयोग न हो। विगत कुछ दशकों में कई बार यह देखने को मिला कि समाज के वंचित वर्गों विशेषकर नाबालिगों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति और गरीबों को लालच, प्रलोभन, छल या दबाव के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया गया। कट्टरपंथी इस्लाम और ईसाइयत इसके केंद्र में है, ये आरोप और साक्ष्य बार-बार सामने आते रहे हैं। वहीं, विदेशी फंडिंग से चलने वाले संगठनों पर भी ऐसी गतिविधियों के आरोप लगते रहे हैं। राजस्थान जैसे सीमावर्ती और जनजातीय इलाकों वाले राज्यों में यह समस्या और अधिक गंभीर रूप ले चुकी थी। परिणामस्वरूप जनभावनाएँ बार-बार कठोर कानून की मांग कर रही थीं। फरवरी 2025 में प्रस्तुत प्रारंभिक विधेयक की तुलना में वर्तमान संस्करण कहीं अधिक कठोर और प्रभावी है।




इस विधेयक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें धर्मांतरण कराने वालों को अब हल्की सजाओं के बजाय कठोरतम दंड भुगतना होगा। जबरन, धोखे या लालच से कराए गए धर्मांतरण पर अब सात से चौदह वर्ष तक की कैद और पाँच लाख रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांगजनों का धर्मांतरण कराने पर दस से बीस वर्ष की कैद और दस लाख रुपये तक का दंड विधान है। सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में तो बीस वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम पच्चीस लाख रुपये का दंड अनिवार्य होगा। विदेशी फंडिंग से कराए गए धर्मांतरण पर भी दोषी को दस से बीस वर्ष की सजा और बीस लाख रुपये तक का दंड भुगतना होगा।

सबसे कठोर प्रावधान पुनरावृत्ति के मामलों में है। यदि कोई अपराधी बार-बार धर्मांतरण की साजिश करता पकड़ा गया तो उसे आजीवन कारावास और पचास लाख रुपये तक का दंड भोगना होगा। स्पष्ट है कि अब अवैध धर्मांतरण करने वालों के लिए बच निकलने की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। विधेयक में विवाह के माध्यम से किए गए धर्मांतरण को भी अवैध घोषित किया गया है। सामान्य तैर पर यह देखा जाता है कि विवाह को साधन बनाकर धर्मांतरण कराए जाते हैं। यह प्रावधान ऐसे प्रपंचों को रोकने में सहायक होगा। साथ ही धर्मांतरण कराने वाली संस्थाओं की संपत्ति जब्त करने और आवश्यक होने पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने का भी प्रावधान पहली बार जोड़ा गया है। यह कदम अपराधियों में भय पैदा करेगा और संगठित षड्यंत्रों की जड़ें काट देगा।

विधेयक के अनुसार धर्म परिवर्तन करने से पूर्व व्यक्ति को 90 दिन पहले जिला कलेक्टर या एडीएम को सूचना देना अनिवार्य होगा। धर्माचार्यों को भी दो महीने पूर्व नोटिस देना होगा। इस पारदर्शिता से प्रशासन को पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखने में आसानी होगी। वहीं, 'घर वापसी' यानी पूर्वजों के धर्म में लौटने को धर्मांतरण नहीं माना जाएगा। इससे समाज में भ्रम और विवाद की स्थितियों को रोका जा सकेगा। सभी अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती घोषित किया गया है। इसका अर्थ है कि पुलिस बिना वारंट के गिरफ्तारी कर सकती है और अदालत से आसानी से जमानत नहीं मिलेगी। यह सख्ती विधेयक को प्रभावी बनाने में निर्णायक सिद्ध होगी।

इसके बाद हम राजस्थान को लेकर यही उम्मीद करते हैं कि इस कानून से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को सबसे अधिक राहत मिलेगी। अब उन्हें लालच या दबाव से धर्म परिवर्तन कराने वाले संगठनों से सुरक्षा मिलेगी। विदेशों से आने वाले संदिग्ध फंड पर भी अंकुश लगेगा। सामूहिक धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर रोक लगने से समाज में कृत्रिम विभाजन की प्रक्रिया रुकेगी और सामाजिक समरसता को बल मिलेगा। साथ ही यह कानून भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षा में एक ढाल का काम करेगा। यह केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता की दृष्टि से भी अनिवार्य है। विधेयक का सबसे चर्चित पहलू बुलडोजर एक्शन है। यदि कोई संस्था सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण कराती है तो उसकी संपत्ति जब्त करने और भवनों को ध्वस्त करने का प्रावधान अपराधियों में भय पैदा करेगा। यह पहली बार है जब किसी राज्य ने धर्मांतरण जैसी गतिविधि को रोकने के लिए इतने कठोर उपायों को अपनाया है। इससे यह संदेश जाएगा कि समाज और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।

**विश्व हिन्दू परिषद की भूमिका-** हमारे संतों और मनीषियों ने कहा है कि धर्मांतरण एक अभिशाप है। इससे न सिर्फ एक हिन्दू कम होता है अपितु भारत के शत्रु बढ़ जाते है। गत कालखंड में ही पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देश और उनमें बढ़ती अमानवीय, देश विरोधी व धर्म-द्रोही घटनाओं से सम्पूर्ण विश्व भली भांति परिचित है। उन सब के पीछे धर्मांतरण का खेल ही है। विश्व हिन्दू परिषद के तो जन्म के प्रमुख कारणों में से एक 'अवैध धर्मांतरण' ही है। इसे रोकने के लिए अनेक देशव्यापी अभियान संगठन चला रहा है। संगठन के द्वारा अब तक 40 लाख से अधिक हिंदुओं को धर्मांतरण से बचाने का कार्य हुआ है। वहीं 9 लाख से अधिक की घर-वापसी भी कराई जा चुकी है। लगभग 25 हजार हिन्दू बेटियों को लव जिहाद चंगुल से बचाने का कार्य भी किया जा चुका है। विहिप की यह पुरानी मांग थी कि राज्य में एक कठोर कानून बने। राजस्थान सरकार ने इसे स्वीकार कर समाज की आवाज को कानूनी रूप दिया है। संगठन के अनवरत प्रयासों व हिन्दू समाज की संगठित शक्ति का ही परिणाम है कि आज देश के दर्जन भर राज्यों में इसके लिए कठोर कानून बने हैं। अब धीरे-धीरे यह मांग भी बलवती हो रही है कि इसके लिए संसद में भी एक कठोरतम कानून बने जिससे माँ भारती का कोई हिस्सा इस अभिशाप का शिकार ना बन सके।

**साधुवाद सरकार-** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी सरकार ने जो साहसिक कदम उठाया है, वह निश्चित ही जन-भावनाओं का सम्मान है और इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। हालांकि कुछ वर्ग इस कानून की आलोचना करेंगे। वे इसे कठोर या धार्मिक स्वतंत्रता का हनन कह सकते हैं। किंतु यह समझना आवश्यक है कि यह कानून स्वेच्छा से किए गए धर्म परिवर्तन का विरोध नहीं करता। संविधान ने अनुच्छेद 25 में धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी है, लेकिन यह स्वतंत्रता सार्वजनिक व्यवस्था, स्वास्थ्य और नैतिकता के अधीन है। जबरन या छल-कपट से किया गया धर्म परिवर्तन न तो धार्मिक स्वतंत्रता है और न ही संवैधानिक अधिकार। यह सीधा-सीधा शोषण है और यही इस विधेयक का लक्ष्य है कि शोषण पर रोक लगे।

अंत में यही कहना है कि राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 केवल एक कानून नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और संस्कृति की रक्षा का संकल्प है। यह अवैध धर्मांतरण की जड़ों को काटकर सामाजिक एकता और राष्ट्रीय अखंडता को सुदृढ़ करेगा। आने वाले समय में यह विधेयक राजस्थान ही नहीं, पूरे देश में एक आदर्श बनेगा। आज आवश्यकता है कि समाज के सभी वर्ग इस कानून का समर्थन करें और एकजुट होकर उन ताकतों का प्रतिकार करें जो छल-कपट से समाज को बाँटने की कोशिश करती हैं। यह विधेयक वास्तव में जनभावनाओं का प्रतिबिंब और सनातन संस्कृति की रक्षा का ऐतिहासिक कदम है।

## आज का इतिहास

22 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1789 - अमेरिकी कांग्रेस ने पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया।

1792 - फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई।

1903 - अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को आइसक्रीम कोन के लिए एक पेटेंट दिया गया।

1914 - मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने बमबारी की।

1949 - सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

1955 - ब्रिटेन में टेलीविजन का व्यावसायीकरण शुरू हुआ। इसमें प्रत्येक घंटे सिर्फ छह मिनट ही विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति दी गयी और रविवार सुबह में इसे चलाने की इजाजत नहीं थी।

1961 - अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने शांति कोर की स्थापना के लिये कांग्रेस के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए।

1966 - अमेरिकी यान 'सर्वेयर 2' चंद्रमा की सतह से टकराया।

1977 - अमेरिकी फुटबॉल टीम पेले के नेतृत्व में दो प्रदर्शनी मैच खेलने कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंची।

1980 - ईरान और इराक के बीच जारी सीमा संघर्ष युद्ध के रूप में परिवर्तित हुआ।

1988 - कनाडा की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।

1992- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच युद्ध में भूमिका के लिए, यूगोस्लाविया को निष्कासित किया।

2002 - फ्रांस ने आइवरी कोस्ट में अपनी सेना भेजी।

2006 - अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के कंस्ट्रक्शन मिशन पर गये अटलांटिस स्पेश क्राफ्ट सकुशल अमेरिका के केनेडी स्पेस सेंटर पर उतरा। नेशनल कैडिट कोर का 10 सदस्यीय दल मॉस्को के लिए रवाना।

2007 - ईरान ने 1800 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली मिसाइल धद्र का प्रदर्शन किया। नासा के एअर क्राफ्ट ने मंगल ग्रह पर गुफाओं जैसी सात आकृतियों का पता लगाया।

2008- प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह अमेरिका और फ्रांस की दस दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए।

22 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

1979 - रोहित सरदाना - भारतीय समाचार वक्ता थे।

# लोकतंत्र के खतरे में होने का हौवा, चुनाव आयोग को बदनाम करने की साजिश

**राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने आरोप को धार देने के लिए कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे जाने का जो मामला सामने रखा उससे यह प्रतीति हुई कि 6018 वोटरों के नाम सचमुच हटा दिए गए लेकिन कुल 24 वोट काटे गए और वे भी उनके जिनके कटने चाहिए थे। अन्य वोट काटने की नाकाम कोशिश हुई थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मामला उठाकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। इस बार उन्होंने कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेस के 6,018 वोट काटे जाने का आरोप लगाया और एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रजेंटेशन देकर यह समझाया कि किस तरह मोबाइल फोन के जरिये कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे गए।**

**संजय गुप्त**

पिछली बार भी उन्होंने इसी तरह वोट चोरी के एक मामले को सामने रखा था और उसे एटम बम की संज्ञा दी थी। वे वोट चोरी के एक और मामले को सामने लाएंगे और उसे हाइड्रोजन बम बताएंगे। राहुल का चुनाव आयोग पर निशाना नया नहीं है। वे एक अर्से से यही कर रहे हैं। वे महाराष्ट्र में कथित वोट चोरी का मामला उछाल चुके हैं और बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन को भी वोटों की चोरी बता चुके हैं। पहले वे चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए ईवीएम में छेड़छाड़ का मुद्दा उठाते थे। जब सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे की हवा निकल गई तो वोट चोरी के अपने आरोपों को एक अभियान बनाने में जुट गए। वे सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला बोल रहे हैं। उनकी मानें तो मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा को जिताने के लिए कांग्रेस के वोट काटने का काम कर रहे हैं।



राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने आरोप को धार देने के लिए कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे जाने का जो मामला सामने रखा, उससे यह प्रतीति हुई कि 6,018 वोटरों के नाम सचमुच हटा दिए गए, लेकिन कुल 24 वोट काटे गए और वे भी उनके, जिनके कटने चाहिए थे। अन्य वोट काटने की नाकाम कोशिश हुई थी। इस मामले में खुद चुनाव आयोग ने एफआइआर दर्ज कराई और इसकी जांच कर्नाटक सीआइडी कर रही है। राहुल गांधी का आरोप है कि चुनाव आयोग कर्नाटक सीआइडी को वोट काटे जाने के मामले में बार-बार मांगे जाने के बाद भी वांछित जानकारी नहीं दे रहा है, पर चुनाव आयोग के अनुसार 2023 के इस मामले में जो जानकारी मांगी गई थी, वह सीआइडी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस हिसाब से गेंद सीआइडी के पाले में है।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल फोन के जरिये उस तरह वोट काटे या जोड़े नहीं जा सकते, जैसे राहुल गांधी कह रहे हैं। किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटाने और जोड़ने की एक तय प्रक्रिया होती है और उसमें चुनाव कर्मचारी शामिल होते हैं। वे अपने स्तर पर छानबीन कर किसी का नाम जोड़ते या हटाते हैं। इस प्रक्रिया में कई बार गड़बड़ी भी होती है, लेकिन उसके लिए जिम्मेदार बीएलओ और अन्य चुनाव अधिकारी होते हैं, जो राज्य सरकार के तहत काम करते हैं। यदि किसी का नाम हटाने या जोड़ने में कोई खामी होती है तो इसके आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि उसके लिए सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी यही साबित करने की कोशिश इसलिए कर रहे हैं, ताकि चुनाव आयोग को बदनाम कर सकें और यह माहौल बना सकें कि भाजपा छल-छद्म से चुनाव जीतती है।

भारत में 96 करोड़ वोटर हैं और इतने बड़े देश में कहीं पर भी मतदाता सूची में गड़बड़ी हो सकती है और होती भी है। राहुल गड़बड़ी के जो भी उदाहरण दे रहे हैं, वे कुछ सौ या हजार वोटों के हैं। यह सही है कि मतदाता सूची सही से तैयार होनी चाहिए, पर क्या कांग्रेस इसकी गारंटी ले सकती है कि उसके केंद्र की सत्ता में रहते समय चुनाव आयोग की ओर से तैयार मतदाता सूचियां दुरुस्त होती थीं कांग्रेस इसलिए खिसियाई है, क्योंकि उसके लिए चुनाव जीतना मुश्किल हो रहा है। उसने लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीतने के बाद यह माना था कि अब आगामी सभी चुनावों में उसकी जीत होगी, पर जब ऐसा नहीं हुआ तो हताशा में उसने अपनी हार का ठीकरा भाजपा और चुनाव आयोग पर फोड़ना शुरू कर दिया।

यदि कांग्रेस यह समझ रही है कि इससे उसका गिरता वोट प्रतिशत बढ़ जाएगा या फिर क्षेत्रीय दलों पर उसकी निर्भरता कम हो जाएगी तो ऐसा होने वाला नहीं है। कांग्रेस पर लोग भरोसा नहीं कर पा रहे हैं तो उसकी रीति-नीति के कारण। राहुल यह समझने को तैयार नहीं कि भाजपा क्यों जीतती है जहां भाजपा की जीत में प्रधानमंत्री मोदी की प्रभावी नेता की छवि भी कारगर साबित होती है, वहीं राहुल के लिए अपने दम पर कांग्रेस को चुनाव जिताना कठिन हो रहा है।

राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि वोट चोरी के कारण लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन वे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाकर खुद ही लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। वे संविधान की दुहाई दे रहे हैं, पर संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को नीचा दिखा रहे हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने में राजनीतिक दलों, नौकरशाही, संवैधानिक संस्थाओं और अदालतों की एक बड़ी भूमिका होती है, पर राहुल तो बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के मामले में सुप्रीम कोर्ट की भी नहीं सुन रहे हैं और संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए चुनाव आयोग की साख नष्ट करने में तुले हैं। लोकतंत्र कायदे-कानून से चलता है। किसी की भी मनमानी लोकतंत्र को कमजोर करती है।

राहुल मनमानी ही कर रहे हैं। वे यह चाह रहे हैं कि वोट चोरी पर उनकी ओर से जो कहा जा रहा है, उसे सत्य मान लिया जाए। वे अपने कथित पुख्ता प्रमाणों के साथ अदालत भी नहीं जा रहे हैं। लोकतंत्र तब पटरी से उतरता है, जब उसकी संस्थाओं पर संकीर्ण स्वार्थों के लिए हमला बोला जाता है या फिर उन पर अनुचित दबाव बनाकर उन्हें कमजोर किया जाता है। आपातकाल में कांग्रेस ने यही किया था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी संस्था के कामकाज पर सवाल उठ सकते हैं, लेकिन यह काम भी जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। राहुल उलटे-सीधे आरोप लगाकर सनसनी तो फैला देते हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि वोट चोरी हो रही है तो भाजपा झारखंड में क्यों हारी या फिर लोकसभा चुनाव में बहुमत से पीछे क्यों रह गई क्या उनके रवैये को लोकतांत्रिक कहा जा सकता है उन्होंने जिस तरह जेन-जी अर्थात नई पीढ़ी को वोट चोरी के खिलाफ खड़े होने के लिए कहा, उससे तो यही लगता है कि वे अपने अपुष्ट आरोपों के आधार पर लोगों को बरगलाकर अराजकता फैलाना चाह रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज के दिन आपकी लापरवाही आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी, वहीं आपकी किसी मित्र से कहासुनी भी होने की संभावना है। आपके अंदर अहम आने से आपके लड़ाई-झगड़े बढ़ेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से पछतावा होगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज का दिन आपके कामों में भी गिरावट लेकर आएगा।

**वृष राशिः** आज आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर पूरा ध्यान देंगे। कोई बड़ा लक्ष्य बनाकर चलना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालें। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

**मिथुन राशि :** आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहेगा, उन्हें किसी मनचाहे फल की प्राप्ति होगी और उनकी पद-प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है, लेकिन आप अपने बॉस के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों में लापरवाही बिल्कुल ना करें, क्योंकि आपको कुछ विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश अवश्य करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए इनकम के पूर्ति के लिए रहेगा। धार्मिक कामों में आप आगे बढ़ेंगे और आप अपने शौक मौज की चीजों पर भी अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान देंगे। काम को लेकर यदि कुछ दिक्कत थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आप अपने आलस को त्यागकर आगे बढ़ें।

**सिंह राशिः** आज आपको अपनी आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। आप किसी काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना रखें। आपको सोच समझकर किसी काम को करना होगा। कारोबार में कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही ना करें। यदि आपने किसी को धन दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आप अपने बिजनेस में भी कुछ धन लगाने की सोचेंगे। कोई बड़ा जोखिम लेना आपकी परेशानियों को बढ़ाएगा।

**कन्या राशि-** आज आपको अपने किसी सहयोगी से कार्यक्षेत्र में खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता बेहतर रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपनी आय को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देना होगा।

**तुला राशिः** आज आपको जिम्मेदारी से काम करना होगा और आप अपने विरोधियों से सतर्क रहें। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपसे वापस ले सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी से कोई निर्णय सोच समझकर लेना होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपको किसी बात को लेकर तर्क-वितर्क में पड़ने से बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में चली आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करना होगा। व्यवसाय कर रहे लोगों का काम प्रगति पर रहेगा। आप अपनी संतान को पढ़ाई-लिखाई के लिए कहीं बाहर भेज सकते हैं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपका कोई लेनदेन आपको टेंशन दे सकता है।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। यदि आपको कोई काम को लेकर समस्या है, तो आप उसे थोड़ा शांत रहकर मिटाने की कोशिश करें। आपके जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी में लोगों से आपके संबंध बेहतर रहेंगे। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी सुनने को मिल सकती है। आपकी कुछ नये लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। परिवार में एकजुटता रहने से सभी सदस्य एक दूसरे के काम आएंगे। आप अपने घर और बाहर लोगों से तालमेल बनाकर रखें। आपके काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। नौकरी में भी यदि आपको कोई समस्या है, तो आप अपनी बात अपने बॉस के सामने अवश्य रखें। आपको किसी दूसरे के मामले में पड़ने से बचना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको कोई पुराना लेनदेन आपके लिए सिरदर्द बन सकता है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि आप क्रिएटिविटी से काम करके लोगों को हैरान करेंगे और आपको अपने किसी शत्रु की बातों में आने से बचना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आप अपने मन में किसी बात को लेकर परेशान रहेंगे, तो यह बात आपके परिवार के सदस्यों को बुरी लग सकती है। आपको किसी कानूनी मामले में जीत मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी।

## रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच एवं पंजीयन शिविर का हुआ सफल आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु श्रमवीर स्वास्थ्य जांच सह पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन जनपद स्कूल अटल सभागार पेंड्रा में शनिवार को किया गया। शिविर में 97 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच, 101 श्रमिकों का पंजीयन, 2 श्रमिकों का नवीनीकरण एवं 6 श्रमिकों ने श्रमिक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आवेदन किया। क्षेत्र के श्रमिकों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। श्रम पदाधिकारी बी एल ठाकुर ने शिविर में उपस्थित श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दी।

## प्रदेश में अब तक 1033.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 1033.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1472.0 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 494.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 901.2 मि.मी., बलौदाबाजार में 752.7 मि.मी., गरियाबंद में 905.5 मि.मी., महासमुंद में 734.3 मि.मी. और धमतरी में 933.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1083.9 मि.मी., मुंगेली में 1047.9 मि.मी., रायगढ़ में 1257.7 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 907.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1234.0 मि.मी., सक्ती में 1125.7 मि.मी., कोरबा में 1053.5 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 1004.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 796.1 मि.मी., कबीरधाम में 751.5 मि.मी., राजनांदगांव में 870.7 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1242.8 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 753.6 मि.मी. और बालोद में 1080.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 734.9 मि.मी., सूरजपुर में 1100.1 मि.मी जशपुर में 1012.6 मि.मी., कोरिया में 1168.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1052.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 1407.8 कोंडागांव जिले में 955.3 मि.मी., कांकेर में 1149.3 मि.मी., नारायणपुर में 1239.6 मि.मी., दंतेवाड़ा में 1381.0 मि.मी., सुकमा में 1088.9 मि.मी. और बीजापुर में 1415.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

## मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में संशोधन

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज राज्य के मंत्रिपरिषद के सदस्यों के प्रभार वाले जिले में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के तहत उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा को दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और बस्तर जिले का प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल को बलौदाबाजार-भाटापारा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को बलरामपुर-रामानुजगंज, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव को राजनांदगांव, कौशल विकास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब को सक्ती तथा पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल को गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का प्रभार सौंपा गया है।

## कोनी एनीकट और बहतराई जलाशय सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 7 करोड़ रूपए स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर जिले की दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 7 करोड़ एक लाख 28 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड तखतपुर के अंतर्गत बहतराई जलाशय के उन्नयन और नहर लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 67 लाख 90 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। मस्तुरी के अंतर्गत अरपा नदी पर कोनी एनीकट में सौर सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 3 करोड़ 33 लाख 38 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजनाओं के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## महानदी परियोजना लवन शाखा नहर के कार्यों के लिए 9 करोड़ रूपए से अधिक राशि स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड की महानदी परियोजना के अंतर्गत लवन-शाखा नहर के वितरक शाखा क्रमांक-एक के कोण्डापार माईनर, रसौटा एवं केसला माईनर के रिमॉडलिंग, सी.सी. लाईनिंग और पुनःनिर्माण, जीर्णोद्धार कार्य के लिए 9 करोड़ 6 लाख 68 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के कार्य पूर्ण होने पर योजना की रूपांकित सिंचाई 1953.28 हेक्टेयर में 462.61 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। योजना के कार्यों को कराने जल संसाधन मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## स्ट्रीट लाइट पोल्स के विस्तार के लिए 1.35 करोड़ रुपए मंजूर

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मुंगेली जिले के सरगांव नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट पोल्स के विस्तार के लिए एक करोड़ 35 लाख 41 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की गई है।

# रजत जयंती पर श्रमिक कल्याण की अनोखी पहल स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों से हजारों श्रमिक लाभान्वित

### औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर विशेष जोर





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती अवसर पर 12 से 19 सितम्बर 2025 तक माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम विभाग द्वारा राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना, उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाना तथा औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना था। इस अवधि में आयोजित शिविरों में श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा प्रदान की गई, साथ ही कार्यस्थल की सुरक्षा, उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, दुर्घटनाओं से बचाव और प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जानकारी दी गई।

राज्य के विभिन्न औद्योगिक जिलों में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। रायपुर जिले के उरला एसोसिएशन भवन एवं सिलतरा स्थित सामुदायिक भवन में 1 हजार 50 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दुर्ग जिले में भिलाई के मंगल बाजार में 300 तथा रसमड़ा के दशहरा मैदान में 200 श्रमिकों ने लाभ लिया। कोरबा जिले में अडानी पावर, बालको और डीएसपीएम में आयोजित शिविरों से कुल 835 श्रमिक लाभान्वित हुए। रायगढ़ जिले में 32 कारखानों में आयोजित शिविरों से 3 हजार 800 श्रमिक लाभान्वित हुए, साथ ही पंजरी प्लांट, नगर निगम ऑडिटोरियम में 1 हजार 200 श्रमिकों का परीक्षण किया गया। बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी स्थित नर्मदा ड्रिंग्स प्रा.लि. में 1 हजार 72 श्रमिकों ने परीक्षण कराया। महासमुंद जिले के बिरकोनी में 254 श्रमिक, बलौदाबाजार जिले के बाबाडीह में 350 एवं कुकुरडीह में 207 श्रमिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

इसी तरह कवर्धा जिले के राम्हेपुर व पंडरिया स्थित शक्कर कारखानों में 200-200 श्रमिक, जांजगीर-चांपा जिले के बम्नीडीह स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज में 374 तथा अकलतरा स्थित केएसके महानदी पॉवरजेन में 400 श्रमिक, सक्ती जिले में आरकेएम पावरजेन डभरा में 296 तथा डी.बी. पावर बडादरहा में 352 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुंगेली जिले के खम्हारडीह स्थित कुसुम स्मेल्टर्स में 250, सूरजपुर जिले के नयनपुर स्थित यूव्ही वेन्चर्स में 47, बस्तर जिले के जगदलपुर में 85, राजनांदगांव जिले के टेडेसरा व इंदमरा में क्रमशः 60 एवं 133 श्रमिक तथा बेमेतरा जिले के ग्राम सरदा स्थित राईजन इंडस्ट्रीज में कई श्रमिक लाभान्वित हुए।

रजत जयंती अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे श्रमिक राज्य की शक्ति और विकास के प्रतीक हैं तथा उनका स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस महासम्मेलन के दौरान भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 300 श्रमिकों का परीक्षण किया गया।

राज्य शासन का मानना है कि श्रमिकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं, बल्कि राज्य की औद्योगिक उत्पादकता और समग्र विकास को भी सुनिश्चित करते हैं। इस दृष्टि से यह पहल प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं श्रमिक कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

### आत्मनिर्भरता की मिसाल

## बकरी पालन से सविता रजक बनीं ग्रामीण महिलाओं की प्रेरणा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली सविता का सपना था कि वह बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाए और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारें। महिला ग्राम संगठन से जुड़कर उन्हें बैंक लिंकेज, समूह से 50 हजार रुपए और पीएम मुद्रा लोन से 1 लाख रुपए का सहयोग मिला। इस राशि से बकरी पालन शुरू करते हुए उन्होंने आर्थिक मजबूती की नई राह पकड़ी।

सरकार की योजनाओं ने महिलाओं की जिंदगी बदलने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। जशपुर जिले के दुलदुला ब्लॉक के ग्राम छेड़डाड़ की सविता रजक इसकी उत्कृष्ट मिसाल हैं। बिहान योजना और पीएम मुद्रा लोन के सहारे उन्होंने बकरी पालन का व्यवसाय शुरू किया और आज अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बनकर गांव की अन्य महिलाओं का हौसला बढ़ा रही हैं।

वर्तमान में सविता को बकरी पालन से हर माह लगभग 10 हजार रुपए की आय हो रही है। वह इस आय से बच्चों की पढ़ाई और घर-परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं। साथ ही, व्यवसाय को आगे बढ़ाने के प्रयास भी कर रही हैं। सविता को अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से रसोई गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का घर और महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक मदद उनके जीवन स्तर में सुधार लाई है। आज सविता का परिवार खुशहाल है। बच्चों की पढ़ाई निर्बाध चल रही है। रसोई में गैस चुल्हे के माध्यम से खाना बनाना आसान हो गया है, और लकड़ी के झंझट से मुक्ति मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के घर की सुरक्षा है और महीने की एकमुश्त सहायता उनके आत्मविश्वास को मजबूती देती है। उनका कहना है कि बिहान योजना और पीएम मुद्रा लोन से मिला सहयोग उनके जीवन को नई दिशा देने वाला साबित हुआ। महिलाएँ सिर्फ घर तक सीमित रहने वाली नहीं, वे अपने परिवार और समाज की अर्थव्यवस्था बदल सकती हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य सरकार के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया।

## बिजली का बिल, अब हुआ शून्य रामेश्वर सिंह को मिली बिजली बिल से राहत

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सपना हुआ साकार



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत भारत का हर घर ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा और इसका फायदा भारत को होगा। इस योजना के वजह से रोजगार के अवसर भी ज्यादा बढ़ेंगे और इसकी वजह से नई नौकरियां भी निकलेगी। पीएम सूर्य घर योजना के तहत जिस घर में सोलर पैनल लगाए जाएंगे, उस घर की बिजली 24 घंटे रहेगी। इस घर में बिजली की कोई भी कटौती नहीं होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने रायगढ़ के कृष्णा वाटिका निवासी रामेश्वर सिंह के जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया है। जहाँ पहले उन्हें हर माह 3,000 रुपए से अधिक का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, वहीं अब उनके घर का बिजली खर्च लगभग शून्य हो गया है।

मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाले रामेश्वर सिंह के लिए बिजली का बढ़ता खर्च हमेशा चिंता का कारण था। गर्मी के दिनों में कूलर और पंखों की अधिक खपत से बिजली बिल 3,000 रुपए से ऊपर पहुँच जाता था, जिससे उनके घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में पता चला। इस योजना के तहत शासन छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए आकर्षक सब्सिडी दे रही है। उन्होंने बताया कि एक किलोवाट सोलर प्लांट पर 45 हजार, 2 किलोवाट पर 90 हजार और 3 किलोवाट पर एक लाख 8 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जा रही है। यह जानकारी उनके लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आई और उन्होंने तुरंत इस योजना के लिए आवेदन किया।

आवेदन के बाद टीम ने रामेश्वर सिंह के घर का निरीक्षण किया, बिजली की खपत का आकलन किया और उनकी ज़रूरत के हिसाब से सोलर सिस्टम लगाने की सलाह दी। सरकारी सब्सिडी और आसान प्रक्रिया के कारण कुछ ही हफ्तों में उनके घर की छत पर सोलर पैनल लग गए।

## घर-घर पहुंचेगा मुफ्त बिजली खैरागढ़ में 'सूर्य रथ' का शुभारंभ

### लोगों को जागरूक करने 'सूर्य रथ 'गांव-गांव घुमेगी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है, जिसके तहत घरों की छतों पर सौर पैनल लगाकर मुफ्त बिजली प्राप्त की जा सकती है. यह योजना रूफटॉप सोलर के लिए सब्सिडी प्रदान करती है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आमजनों के जीवन में आर्थिक मजबूती का आधार बन रही है। इस योजना से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। लोग अब बिजली बिल की चिंता से मुक्त होकर सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। इसके प्रचार-प्रसार के लिए खैरागढ़ से 'सूर्य रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय परिसर, खैरागढ-गंडई-छुईखदान् से 'सूर्य रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर लोगों को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लाभ, सब्सिडी एवं वित्तीय सुविधा की जानकारी देगा।

**आवेदन और प्रगति की स्थिति:** कलेक्टर खैरागढ-गंडई-छुईखदान् ने बजाया कि जिले में अब तक 340 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 335 उपभोक्ताओं को मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। 10 घरों में सौर पैनल स्थापित हो गए हैं, जबकि 46 घरों में कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों के अनुसार योजना से मुफ्त और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी, साथ ही जिले में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अधिकतम एक लाख 8 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। एक किलोवाट सोलर प्लांट पर 45 हजार, 2 किलोवाट पर 90 हजार और 3 किलोवाट पर एक लाख 8 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। उपभोक्ता केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट कर शेष राशि को 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों तक की किस्तों में चुका सकेंगे। साथ ही, अतिरिक्त बिजली उत्पादन को बेचकर उपभोक्ता आर्थिक लाभ भी कमा सकेंगे।

## गायता ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में शामिल हुए वन मंत्री



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप आज कोंडागांव जिले के ग्राम करियाकांटा और मूंगवाल में आयोजित गायता जोहारनी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में वन मंत्री कश्यप ने समाज के ईष्ट देवी देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही उन्होंने ग्राम मूंगवाल में 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित सर्व आदिवासी समाज भवन का लोकार्पण किया और विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति भी दी। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने सभी को गायता जोहारनी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी परम्परा बहुत पुरानी और समृद्ध है।

## उन्नत और किफायती उर्वरक तकनीकों से किसानों को जोड़ने चल रहा है अभियान

### खेतों में नैनो यूरिया छिड़काव का चल रहा प्रदर्शन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। किसानों के बीच इनके इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए जागरूकता शिविर, वेबिनार, क्षेत्रीय प्रदर्शन, किसान सम्मेलन और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्में बनाई जा रही हैं। नैनो यूरिया के पत्तियों पर छिड़काव को आसान बनाने के लिए किसान ड्रोन, बैटरी चालित स्प्रेयर जैसे नए उपकरण भी किसानों तक पहुंचाए जा रहे हैं। ग्राम स्तर के उद्यमियों को प्रशिक्षण देकर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कस्टम हायरिंग छिड़काव सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

किसानों को उन्नत और किफायती उर्वरक तकनीक से जोड़ने के लिए जिले में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन कृषि विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों के खेत में पहुंचकर किया जा रहा है। कलेक्टर और कृषि विभाग रायगढ़ के मार्गदर्शन में किसानों के लिए यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत विकासखंड रायगढ़ में किसानों के खेतों में ट्रायल के रूप में नैनो यूरिया का प्रदर्शन किया गया।

ग्राम कोड़तराई में कृषक परमेश्वर पटेल, झारगुड़ा में कृषक हरकेश्वर पटेल तथा पंझर में कृषक श्री नरेन्द्र पटेल के धान की फसल पर एक-एक एकड़ भूमि में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। आने वाले दिनों अन्य किसानों के खेतों में भी यह प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान हितग्राही किसान के साथ गांव के अन्य किसानों को भी इस प्रदर्शन के अवलोकन में शामिल किया जाता है। उप संचालक कृषि ने बताया कि यह पहल न सिर्फ रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करेगी, बल्कि किसानों की उत्पादन लागत घटाकर अधिक लाभ दिलाने में भी सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान किसानों को नैनो यूरिया के प्रयोग की विधियों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। किसान ड्रोन, मोटर, बैटरी, नेपसेक स्प्रेयर के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, इफको के प्रतिनिधि और स्थानीय कृषकगण उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित किसानों ने नैनो यूरिया के छिड़काव का तरीका समझा। बेसल डोज के बाद फर्स्ट और सेकंड स्प्रे के लिए नैनो यूरिया के उपयोग के संबंध में श्री परमेश्वर पटेल ने कहा कि यह पारंपरिक यूरिया की तुलना में काफी सस्ता है। यह कम मात्रा में भी बेहतर परिणाम देता है। बॉटल में पैकेजिंग होने के कारण खेतों तक लाने ले जाने ले जाने व छिड़काव में सुविधाजनक है। इसके छिड़काव से पौधों पर असर जल्दी और एक समान दिखता है। पौधों की बढ़वार भी संतुलित होती है। उप संचालक कृषि रायगढ ने बताया कि अभी चिन्हांकित स्थानों में नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन चल रहा है। आगामी नवंबर और दिसंबर में यह प्रदर्शन अभियान पूरे जिले में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इसके लिए सभी आरएईओ अपने प्रभार क्षेत्र के गांवों में किसानों को नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन कर उपयोग की विधि और फसल को होने वाले लाभ से अवगत कराएंगे। इसके साथ ही आगामी विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत इसकी जानकारी किसानों को दी जाएगी।

# भूतड़ी अमावस्या पर देर रात श्रद्धालुओं का नर्मदा स्नान

## नर्मदापुरम में ढोलक की थाप पर नाच, तलवार हाथों में लिए पहुंचे; प्रेतबाधा दूर करने की मान्यता

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** आज भूतड़ी अमावस्या के मौके पर मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, हरदा, जबलपुर, डिंडौरी समेत कई जिलों के नर्मदा घाटों पर लाखों श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। मात्र स्नान ही नहीं, बल्कि भूतड़ी अमावस्या पर कष्ट दूर करने और आत्माओं की शांति के लिए विशेष पूजा-पाठ और तांत्रिक विधियां भी आयोजित की जा रही हैं। 20 सितंबर की रात, यानी चौदस और अमावस्या की काली रात को नर्मदा घाटों पर अलग ही माहौल देखा गया। परिजन और तांत्रिक (पडिहार) धाम लगाकर प्रेतबाधा दूर करने तथा देवी-देवताओं को मनाने की क्रियाएं कर रहे थे। भजन-कीर्तन और ढोलक-झांझ की थाप पर महिलाएं-पुरुष झूमते दिखे। कई बार डरावनी आवाजें भी निकाली गई जिससे माहौल रहस्यमय हो गया। दैनिक भास्कर ने आपको यह दृश्य दिखाने के लिए यहां करीब 3 घंटे गुजारे।



**सेठानी घाट पर प्रेतबाधा निवारण:** सेठानी घाट पर धाम लगाकर भूत बाधित लोगों का मान्यता अनुसार उपचार किया गया। रात 12 बजे इंदौर से आए एक युवक के शरीर में देवी की हवा आने पर उसे नर्मदा नदी के तीन सीढ़ी नीचे खड़ा किया गया। उसके साथी उसे सम्हालते रहे, जबकि अन्य जंजीर, तलवार, डंडे पूजन के लिए साथ में खड़े थे।

**इंदौर से आया श्रद्धालुओं का जत्था:** इंदौर से आए करीब 120 श्रद्धालुओं ने कोरी घाट पर रात्रि विश्राम करते हुए हवन किया और देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ पूजा-अर्चना की। दो महिलाएं, जिन्हें देवी माना जाता है, मुकुट और चुनरी पहनकर लोगों की समस्याएं सुनतीं और समाधान बतातीं। इसे पवित्र आशीर्वाद समझा जाता है।

**सुख, शांति, और मोक्ष की प्राप्ति मानी जाती है:** श्रद्धालु रोहित पवार और शैलेंद्र पाटीदार ने बताया कि वे हर साल पितृ पक्ष की चौदस और अमावस्या की रात नर्मदा के घाट पर आते हैं। भूतड़ी अमावस्या को विशेष मानते हुए वे अतृप्त आत्माओं की तृप्ति के लिए पूजा करते हैं। यहां स्नान एवं तर्पण से सुख, शांति, और मोक्ष की प्राप्ति मानी जाती है।

**100 पुलिस और होमगार्ड जवान तैनात:** नर्मदा के प्रमुख घाटों जैसे सेठानी, पर्यटन, कोरी, विवेकानंद, बांद्राभान पर दो डीएसपी, पांच पुलिस निरीक्षक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित करीब 100 पुलिस और होमगार्ड जवान तैनात हैं। एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिसके लिए रात 3 बजे से सुरक्षा व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट पर नर्मदापुरम के अलावा हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, नागपुर, देवास, शाजापुर, विदिशा, महू, भोपाल समेत कई शहरों से श्रद्धालु पहुंचे। रात 12 बजे तक घाट श्रद्धालुओं से पूर्णतः भर गया था और पैर रखने की जगह भी नहीं बची थी। यह भूतड़ी अमावस्या धार्मिक आस्था, सेवा एवं संस्कार का अद्भुत मिलन है, जो हजारों श्रद्धालुओं को मानसिक और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है।

# सीहोर में बारिश से सोयाबीन की फसल बर्बाद

## किसान बोले- सर्वे कराकर बीमा राशि दिलाई जाए, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान



**सीहोर, एजेंसी।** सिहोर जिले के किसान इन दिनों प्रकृति और प्रशासन की दोहरी मार झेल रहे हैं। पहले तेज बारिश ने खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल को नुकसान पहुंचाया और अब लगातार हो रही बारिश और जलभराव ने जो थोड़ी-बहुत फसल बची थी, उसे भी तबाह कर दिया है। खेतों में भरे पानी में पक चुकी फलियां सड़ रही हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद हो गई है।

**बाढ़ ने छीनी आखिरी उम्मीद:** किसानों का कहना है कि खुलासी नदी में आई बाढ़ ने उनकी आखिरी उम्मीद भी खत्म कर दी। ग्राम चंदेरी, बरखेड़ी, हीरापुर, कुल्लास, रामाखेड़ी और बमूलिया जैसे गांवों में किसानों की हालत बेहद खराब है। कई जगहों पर खेतों में पानी घुटनों तक भरा हुआ है और किसान दिन-रात फसल को बचाने की कोशिश में जुटे हैं, लेकिन हालात उनके हाथ से निकलते जा रहे हैं।

**न सर्वे हो रहा, न राहत की उम्मीद:** किसान और समाजसेवी एमएमएस मेवाड़ा ने बताया कि बीते एक महीने से किसान जिला प्रशासन से खराब फसल का सर्वे कराने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें फसल बीमा का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शाजापुर जिले में हर गांव में फसल नुकसान का सर्वे कराने के आदेश दिए थे, जिन पर वहां अमल भी हो रहा है। लेकिन सीहोर में अब तक सर्वे का काम शुरू नहीं हुआ। किसानों ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी सीहोर कलेक्टर को फोन पर सर्वे शुरू करने और बीमा राशि दिलाने के निर्देश दिए थे, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**गृह जिला होकर भी अनसुनी हमारी पुकार:** किसानों का दर्द यह है कि सीहोर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला है, फिर भी यहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। किसानों ने कहा कि सरकार और बीमा कंपनियों की लापरवाही के चलते उन्हें न तो मुआवजा मिल पा रहा है और न ही बीमा की राशि।

# बुरहानपुर में प्लॉग रन के जरिए स्वच्छता का संदेश

## नगर निगम ने अधिकारियों और नागरिकों के साथ मिलकर उठाया प्लास्टिक कचरा



**बुरहानपुर, एजेंसी।** शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने और प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए शनिवार को बुरहानपुर नगर निगम ने एक खास पहल की। एनजीओ के सहयोग से चिंचाला वार्ड से कुंडी भंडारा तक प्लॉग रन का आयोजन किया गया, जिसमें निगम अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भाग लिया।

**महापौर और आयुक्त ने दिलाई शपथ:** प्लॉग रन की शुरुआत नगर निगम की महापौर माधुरी अतुल पटेल और आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की शपथ दिलाई। इस दौरान नगर निगम के एमआईसी चेयरमैन धनराज महाजन, संभाजी सगरे और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

**रास्ते में फैला प्लास्टिक कचरा खुद उठाया:** प्लॉग रन के दौरान सभी प्रतिभागियों ने रास्ते में फैला हुआ प्लास्टिक कचरा खुद उठाया। यह प्रयास न सिर्फ सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने वाला था, बल्कि नागरिकों को अपने आसपास के पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने का संदेश भी देता है।

**प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में कदम:** महापौर माधुरी अतुल पटेल ने इस मौके पर कहा कि यदि सभी लोग मिलकर प्रयास करें तो प्लास्टिक मुक्त समाज और स्वच्छ भारत का सपना जल्द साकार हो सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर और मोहल्लों को साफ रखने के साथ-साथ प्लास्टिक के विकल्पों का इस्तेमाल करें।

**कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद:** कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव, पार्षद आशीष शुक्ला, मंडल अध्यक्ष रविंद्र काकडे, सहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्मा, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर और आईईसी टीम के सदस्य भी मौजूद थे।

# गरबा प्रैक्टिस कर रही महिला का अपहरण

## मंदसौर में 2 महिलाओं समेत 6 लोग घसीटते हुए ले गए; एक के हाथ में कट्टा था



**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर में गरबा प्रैक्टिस कर रही महिला का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। ये लोग उसे घसीटते हुए अपने साथ ले गए। वहां मौजूद एक युवती ने बचाने की कोशिश की, लेकिन उसे आरोपियों ने धक्का दे दिया। एक आरोपी के हाथ में कट्टा था।

घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। खानपुरा के भावसार धर्मशाला में महिलाएं और युवतियां गरबा की प्रैक्टिस कर रही थीं। तभी 4 युवक और दो महिलाएं वहां पहुंची और गरबा कर रही महिला को पकड़ लिया। वे उसे अपने साथ ले जाने लगे। वहां मौजूद सभी लोग डरकर पीछे की तरफ भाग गए। सिर्फ एक युवती उसे बचाने आगे आई, लेकिन आरोपी महिलाओं ने उसे धक्का दिया और मारपीट की।

आरोपी महिला को गलियों में घसीटते हुए अपने साथ जबरदस्ती ले गए। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने जिले में नाकाबंदी करा दी। चेकिंग के दौरान शामगढ़ थाना क्षेत्र के चंदवासा में गाड़ी को रुकवाया। इसमें से महिला को बरामद किया गया। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि गरोठ थाना क्षेत्र निवासी महिला अपने पति को छोड़कर पिछले 3 महीने से यश नाम के युवक के साथ मंदसौर में लिव-इन-रिलेशन में रह रही थी। शनिवार रात महिला के परिजन गरबा पंडाल पहुंचे और उसे अगवा कर वैन से अपने साथ ले जा रहे थे। फिलहाल, दो महिलाओं समेत 7 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

# रतलाम में 4 तस्करों पर 'पिट एनडीपीएस एक्ट' में कार्रवाई

## लगातार अवैध मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त होने पर पुलिस का एक्शन

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त 4 आरोपियों पर जिले में पहली बार पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी पहले से जेल में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में जेल में बंद है। पिट एनडीपीएस एक्ट का आदेश एक साल तक प्रभावी रहेगा। रतलाम एसपी अमित कुमार द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में रतलाम पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए उन आरोपियों की पहचान की गई, जो अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में बार-बार संलिप्त पाए गए। इसी आधार पर रतलाम पुलिस द्वारा 4 आरोपियों को पिट एनडीपीएस एक्ट, 1988 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।




**इनके खिलाफ की कार्रवाई**

इम्तियाज (44) पिता मुमताज खान पठान निवासी बरखेड़ाकला।

आरिफ पिता बाबू खां निवासी हतनारा थाना पिपलौदा

जाफर उर्फ मुर्गी पिता अल्लाहबक्श खान निवासी मोचीपुरा रतलाम।

शाहरुख उर्फ अख्तर पिता मुख्तियार हुसैन निवासी नीमचौक जावरा

पूर्व में उक्त चारों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज है। इन पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी इम्तियाज एवं जाफर उर्फ मुर्गी 30 जुलाई 25 को तथा आरोपी आरिफ एवं शाहरुख 31 जुलाई 25 से केंद्रीय जेल इंदौर में बंद है।

एसपी अमित कुमार ने बताया पिट एनडीपीएस (Prevention of Illicit Traffic in Narcotic Drugs and Psychotropic Substances) एक्ट 1988 की धारा 9 की कार्रवाई को लेकर शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा जाता है। प्रस्ताव की समीक्षा न्यायाधीशों की समिति (एडवाइजरी बोर्ड) द्वारा की जाती है। समीक्षा में एडवाइजरी बोर्ड द्वारा उक्त चारों आरोपियों को पिट एनडीपीएस में निरोध में जेल में बंद रखना अनिवार्य पाया है।

# साले की हत्या का आरोपी थाने के नजदीक धराया

## रेलवे ट्रैक पर सर्चिंग में जुटी थी पुलिस; आरोपी जीजा ने गले में 5, सीने में 2 वार किए

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा जिले के सिहाड़ा थाना क्षेत्र के मांग मोहल्ले में शनिवार रात पति-पत्नी के विवाद का गुस्सा एक जीजा ने अपने दिव्यांग साले पर निकाल दिया। आरोपी गणेश पिता सुनील शिंदे ने अपने साले मनीष चांगरे पर चाकू से 5 बार गले और 2 बार सीने में वार किया। गंभीर चोटों के कारण नसें फट गई और ज्यादा खून बहने से मनीष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना आरोपी गणेश और उसकी पत्नी के लंबे समय से चल रहे विवाद के दौरान हुई। शनिवार की रात दोनों के बीच तीखी बहस हो रही थी। इसी गुस्से में गणेश अपने साले के घर पहुंच गया और चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया।



**परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन मौत:** परिजन घायल मनीष को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक मनीष की पत्नी ममता चांगरे की शिकायत पर सिहाड़ा थाना पुलिस ने आरोपी गणेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने रामेश्वर चौकी प्रभारी सिहाड़ा के नेतृत्व में रेलवे ट्रैक से लेकर तलवड़िया और खंडवा तक सर्चिंग की। देर रात आरोपी को गांधीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी गई है

# कटनी के बरही में महिला की आकाशीय बिजली से मौत

## मनरेगा योजना में काम करने आई थी, अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**कटनी, एजेंसी।** कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय तुलसा बाई पति जनता कोल के रूप में हुई जो ग्राम सिजहरा में काम करने आई थी। घटना शनिवार शाम करीब 5 बजे की है। तुलसा बाई मनरेगा के तहत पंचायत का काम करने गई थीं। काम के दौरान अचानक मौसम खराब हो गया। तेज गरज के साथ बारिश शुरू हुई। इसी बीच तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की चपेट में आने से तुलसा बाई बुरी तरह झुलस गईं। घायल महिला को तुरंत बरही अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# उज्जैन में मालगाड़ी में लोड सेना के ट्रक में आग

## हाइटेंशन लाइन से ट्रक का कवर जला; आरपीएफ और रेलवे की टीमों ने काबू पाया

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन रेलवे स्टेशन के यार्ड के पास आर्मी की स्पेशल मालगाड़ी में लोड ट्रक में आग लग गई। मालगाड़ी से अचानक धुआं उठता देख फौरन उज्जैन स्टेशन पर रोकी गई। बताया जा रहा है कि सेना की गाड़ियों को कवर करने के लिए डाला गया कपड़ा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच हो गया, जिससे आग लग गई। आरपीएफ और रेलवे की टीम को फौरन हादसे की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची रेलवे की टीमों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। फिलहाल मालगाड़ी को उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित खड़ा किया गया है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



**धुआं उठता देख उज्जैन स्टेशन को अलर्ट किया:** जानकारी के मुताबिक, आर्मी की स्पेशल मालगाड़ी भोपाल से जोधपुर जा रही थी। इसमें सेना के जवान और आर्मी के करीब एक दर्जन लोडेड ट्रकों में सामान ले जाया जा रहा था। मालगाड़ी रविवार सुबह करीब 9.30 बजे उज्जैन यार्ड के पास पहुंची थी। यहां सेना के जवानों ने धुआं उठता देख उज्जैन स्टेशन प्रबंधन को अलर्ट किया। स्टेशन पर पहुंचते ही ट्रक पर ढके कपड़े में आग लग गई, जो धीरे-धीरे ट्रक तक जा पहुंची। हादसे की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों ने आग बुझाना शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आरपीएफ टीआई नरेंद्र यादव ने बताया कि भोपाल से जोधपुर जा रही आर्मी स्पेशल मालगाड़ी में लोड ट्रक में संभावित टेक्निकल त्रुटि के कारण आग लगी थी। आग से 2 नंबर लाइन की ओएसी टूट गई। हालांकि जानमाल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।

**प्लेटफॉर्म पर कोई दूसरी ट्रेन नहीं खड़ी थी- PRO**

रतलाम रेल मंडल के पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि उज्जैन रेलवे यार्ड में ऊपरी विद्युत लाइन से टकराने पर मालगाड़ी पर कवर कपड़े में आग लगी। धुआं उठता देख तुरंत सूचना दी गई और आग पर काबू पा लिया गया। मालगाड़ी की ऊंचाई कम करने के बाद उसे आगे रवाना कर दिया गया है। घटना के समय प्लेटफॉर्म पर कोई दूसरी ट्रेन नहीं खड़ी थी। मालगाड़ी में सेना की फोर-व्हीलर गाड़ियां और अन्य सामान लदा हुआ था।

# सागर में मिला सफेद उल्लू रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**सागर, एजेंसी।** सागर शहर के शास्त्री नगर स्थित शासकीय स्कूल परिसर में एक दुर्लभ सफेद उल्लू मिला। उसके दोनों पंखों में बबल गम और टेप चिपका हुआ था, जिसकी वजह से वह उड़ नहीं पा रहा था। शिक्षकों ने जब यह देखा तो तुरंत पक्षी प्रेमी शैलेंद्र जैन को सूचना दी।

शैलेंद्र जैन मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर उल्लू को पकड़ा। नजदीक से देखने पर पता चला कि उसके दोनों पंखों पर टेप और गोंद चिपका हुआ था। पंख चिपकने से वह पूरी तरह असहाय हो गया था और उड़ान भरने में सक्षम नहीं था।

**घर ले जाकर की सफाई:** शैलेंद्र उल्लू को अपने घर लेकर आए और उसके पंख साफ करने का काम शुरू किया। शुरुआत में पानी और शैंपू से सफाई की, लेकिन गोंद नहीं निकला। इसके बाद हल्के केमिकल की मदद से धीरे-धीरे पंख साफ किए गए। यह प्रक्रिया दो दिन चली। आखिरकार पंख पूरी तरह साफ होने के बाद उल्लू फिर से उड़ने लायक हो गया।

**जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया:** पंख ठीक होने पर उल्लू ने उड़ान भरनी शुरू कर दी। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा गया। शैलेंद्र जैन ने कहा- सफेद उल्लू बहुत दुर्लभ होता है। यह आसानी से नजर नहीं आता। इस पर तांत्रिकों की नजर हमेशा रहती है।

# युवक-दो लड़कियों ने किसान पर बियर बोतल से हमला किया

## शराब पार्टी करने से रोकने पर विवाद, भीड़ लगने पर खुद के कपड़े फाड़े

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में शराब पार्टी के दौरान विवाद हो गया। पार्टी कर रहे एक युवक और दो लड़कियों ने किसान पर बियर की बोतल से हमला कर दिया। लोग इकट्ठा हुए तो लड़कियों ने खुद के कपड़े फाड़ लिए। किसान के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। उसे ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना नौगांव में पर्यटक स्थल धुबेला में शनिवार की है। नौगांव थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि एक युवक को हिरासत में लिया गया है। दोनों लड़कियां फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। घटना का विरोध करने आए युवक और लड़कियों में मारपीट, तस्वीरों में देखें किसान के पुष्पेंद्र ने बताया, भाई विनीत खेत पर जा रहा था। राजा छत्रसाल म्यूजियम के पीछे तालाब के पास एक लड़का और दो लड़की शराब पी रहे थे। विनीत ने उनको मना किया। इसके बाद उनका विवाद हो गया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर बियर की बोतल से विनीत पर हमला कर दिया और स्कूटी से भाग गए। हमले में विनीत को सिर, गाल और गले में गंभीर चोटें आई हैं।

विनीत ने पुष्पेंद्र को फोन कर पूरी बात बताई। इसके बाद पुष्पेंद्र ने बाइक से तीनों का पीछा किया। इस दौरान बमीठा झांसी कैडी ब्रिज के पास आरोपियों ने एक्टिवा से एक शिक्षक को टक्कर मार दी, जिससे शिक्षक को चोटें आई और खून निकलने लगा।

घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। यहां पुष्पेंद्र ने भाई विपिन से मारपीट को लेकर पूछा तो उनका फिर विवाद हो गया। पुष्पेंद्र ने लड़की के बाल खींचे। लड़की ने मारने के लिए चप्पल निकाल ली। छेड़छाड़ की शिकायत करने की धमकी दी। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया।



पुष्पेंद्र ने लोगों की मदद से लड़के को पकड़कर नौगांव पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद विनीत को जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया।

पीड़ित विनीत के बड़े भाई पुष्पेंद्र ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे, तो दोनों लड़कियों ने माहौल बिगाड़ने के लिए अपने कपड़े फाड़ लिए। इसके अलावा, आरोपियों ने एक शिक्षक को भी टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दोनों लड़कियां मौके से फरार हो गईं।

# पीएम स्वार्निधि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा लोन

## 15 से 50 हजार रुपए तक देगी रायसेन नगर पालिका; महामाया चौक पर आवेदन-संवाद कार्यक्रम

**रायसेन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के अंतर्गत शहर के पथ विक्रेताओं को राहत देने के लिए लोन आवेदन का पोर्टल शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका रायसेन ने बताया कि योजना के तहत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को तीन चरणों में लोन की सुविधा दी जा रही है।

**तीन चरणों में मिलेगा लोन:** इस योजना के तहत पहले चरण में 15,000, दूसरे चरण में 25,000 और तीसरे चरण में 50,000 तक का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना खासतौर पर ठेले, फुल्की, चाट, सब्जी, फल बेचने वालों और छोटे व्यापारियों के लिए है, जो अपने व्यवसाय को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

**आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज:** लोन के लिए आवेदन करने वाले पथ विक्रेताओं को बैंक पासबुक, आधार कार्ड, समग्र आईडी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना होगा। तीसरे चरण यानी 50,000 के लोन के लिए पैन कार्ड अनिवार्य होगा।

**कल होगा विशेष कार्यक्रम:** नगर पालिका ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं को आमंत्रित किया है कि वे कल दोपहर 2:30 बजे महामाया चौक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हों। इस दौरान लोन आवेदन प्रक्रिया और योजना से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।

# पीकेएल-12 : अंतिम रेड पर नीरज को लपक पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी का विजय रथ रोका

**जयपुर, एजेंसी।** दबंग दिल्ली केसी का लगातार छह मैचों से चला आ रहा विजय रथ आखिरकार रुक गया है। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में शनिवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 43वें मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने अंतिम रेड में नीरज नरवाल को लपक 33-30 के अंतर से मैच जीत लिया। दिल्ली को पहली हार मिली जबकि पटना को सात मैचों में दूसरी जीत मिली। एक समय 12 अंक से पीछे चल रही पटना की जीत में अंकित (12) का अहम योगदान रहा। उन्होंने मैच में पटना की वापसी कराई और फिर स्कोर बराबर भी किया। दिल्ली के लिए आशू मलिक ने 6 अंक लिए जबकि नीरज नरवाल ने 8 अंक जुटाए। पटना के लिए कप्तान अंकित ने डिफेंस में 6 अंक जुटाए।

दिल्ली ने अच्छी शुरुआत करते हुए तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली थी लेकिन सुधाकर ने फजल का शिकार कर फासला दो का कर दिया। फिर अजिंक्य को लपक अंकित ने स्कोर 3-4 कर दिया। सौरव ने मिलन को लपका तो अयान ने डिफेंस में हाथ साफ करते हुए नीरज का शिकार कर स्कोर 4-6 कर दिया। इस बीच दिल्ली ने अयान को लपका और फिर अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 8-4 कर दिया।

ब्रेक के बाद सुधाकर ने एक अंक लिया तो नीरज ने दिल्ली को दो अंक दिला दिए। संदीप और सुरजीत ने हालांकि अगली रेड पर सुधाकर को लपक लिया लेकिन अंकित ने अजिंक्य का शिकार कर स्कोर 6-11 किया।



फिर सुरजी ने अकेले दम पर मिलन को लपक लीड फिर दोगुना कर दी। इस बीच आशू ने दो अंक लेकर पटना को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया। अगली रेड पर नीरज ने हालांकि उन्हें रिवाइव करा लिया। फिर नीरज ने ही पटना को आलआउट की ओर धकेला और फिर सुरजीत ने हाफटाइम से ठीक पहले आलआउट लेते हुए दिल्ली को 19-10 की लीड दिला दी। ब्रेक के बाद दिल्ली ने लगातार दो अंक लेकर पकड़ मजबूत की। इस बीच सौरव ने अयान को लपक स्कोर 22-11 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर सौरव का शिकार कर लिया लेकिन अजिंक्य ने मिलन को आउट कर हिसाब बराबर किया।

दिल्ली का डिफेंस अयान को नहीं चलने दे रहा था लेकिन डिफेंस ने हाथ खोल दिए थे। नवदीप ने अजिंक्य को लपक लिया। पिछली रेड पर नीरज को आउट करने वाले अंकित ने अगली दो रेड पर सुरजीत और फजल को आउट कर स्कोर 16-25 कर दिया। फिर डिफेंस ने नीरज को लपक दिल्ली को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। अंकित ने इसके बाद डू ओर डाई रेड पर संदीप का शिकार कर दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला। अंकित ने अगली रेड पर दो शिकार के साथ दिल्ली को आलआउट कर स्कोर 22-26 कर दिया। आलइन के बाद आशू ने नवदीप को बाहर किया। इस बीच अंकित ने बोनस लिया और फिर आशू ने दो अंक की रेड क साथ स्कोर 29-23 कर दिया। फिर अंकित के बोनस के बाद पटना के डिफेंस ने अजिंक्य को लपक फासला 5 का कर दिया। फिर अंकित ने सौरव का शिकार कर सुपर-10 पूरा किया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए।

फिर अयान ने एक अंक लेकर फासला 3 का कर दिया। इसके बाद पटना के डिफेंस ने आशू को लपक फासला 2 कर दिया, जिसे अंकित ने 1 कर दिया। दिल्ली की अंतिम रेड पर नीरज ने वाकलाइन पार किया और फिर अंकित ने एक लेकर स्कोर टाई कर दिया। एक सेकेंड बचा था और दिल्ली के लिए अंतिम खिलाड़ी के तौर पर नीरज रेड पर गए और लपक लिए गए। इस तरह पटना ने दिल्ली की जीत का सिलसिला तोड़ दिया।



## विश्व कप 2025 के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम का किया समर्थन

**मुंबई, ।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के समर्थन में देश को एकजुट करने के लिए आवाज उठाई है और प्रशंसकों से महिला क्रिकेट के लिए भी वैसा ही जुनून और समर्थन दिखाने का आग्रह किया है जैसा वे पुरुष क्रिकेट के लिए दिखाते हैं।

इस साल महिलाओं के प्रमुख टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता, जियोहॉटस्टार द्वारा जारी एक वीडियो में अक्षय कुमार ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

महिला क्रिकेट टीम का समर्थन करने के महत्व पर बात करते हुए अक्षय कुमार ने 2017 विश्व कप फाइनल देखने के अपने अनुभव को याद किया और अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, मुझे 2017 विश्व कप फाइनल आज भी याद है। मैं स्कॉटलैंड से ट्रेन पकड़कर फाइनल देखने स्टेडियम गया था। मैंने हमारी महिला क्रिकेट टीम का जुनून देखा। मैं क्यों गया था? क्योंकि तभी मुझे समझ आया कि क्रिकेट में कोई लिंग भेद नहीं होता। बस एक जर्सी, एक जुनून और एक टीम होती है। टीम इंडिया।÷

उन्होंने कहा, हम आमतौर पर पुरुष टीम का उत्साहवर्धन करते हैं। लेकिन असली समर्थन तब मिलेगा जब हम अपनी महिला टीम का भी उतना ही उत्साहवर्धन करेंगे, जितना हम पुरुष टीम का करते हैं। असली प्रशंसक वह है जो हर खिलाड़ी के साथ खड़ा हो, चाहे वह पुरुष हो या महिला। यही असली नीले रंग की निशानी है। जर्सी वही, जज्बा वही।

वीडियो में, अक्षय भारतीय उप-कप्तान स्मृति मंधाना की 18 नंबर की जर्सी पकड़े हुए भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे यह बात पुख्ता होती है कि विराट कोहली हों या स्मृति मंधाना, जर्सी एक ही रहती है। भारत, श्रीलंका के साथ मिलकर आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जिसका पहला मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में शुरू होगा। भारत अपने घरेलू मैदान पर अपना पहला आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा है।

## सुपर-4 में कप्तान सूर्या का बड़ा फैसला, दो धाकड़ खिलाड़ियों की वापसी पक्की... देखें भारत-पाक मैच की प्लेइंग 11



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** एशिया कप 2025 में आज (21 सितंबर, 2025) क्रिकेट प्रेमियों को सबसे बड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाकिस्तान की टीमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। यह सुपर-4 का पहला मुकाबला होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।

**पिछली भिड़ंत में भारत की जीत:** इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों की यह दूसरी भिड़ंत है। पिछला मैच 14 सितंबर, 2025 को खेला गया था, जिसमें सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। ऐसे में एक बार फिर दोनों टीमों के बीच रोमांचक टक्कर देखने को मिलेगी।

**भारतीय टीम में बदलाव की संभावना:** भारतीय टीम ने पिछले मैच में ओमान के खिलाफ जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को आराम दिया था। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ इन दोनों खिलाड़ियों के खेलने की पूरी संभावना है। यदि ये दोनों वापसी करते हैं, तो तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को टीम से बाहर बैठना पड़ सकता है।

भारतीय टीम इस मैच में 4 स्पेशलिस्ट बल्लेबाज, 2 बैटिंग ऑलराउंडर, 1 विकेटकीपर, 1 स्पिन ऑलराउंडर, 2 स्पेशलिस्ट स्पिनर और 1 तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में जितेश शर्मा और रिंकू सिंह भी इस मुकाबले में

# टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में भारत का पलड़ा भारी

## सिर्फ एक मैच ही जीता पाकिस्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** एशिया कप 2025 में दूसरी बार भारत-पाकिस्तान की टीमों के बीच हाई-वोल्टेज मैच खेला जाना है। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को आयोजित होगा।

भारत-पाकिस्तान के बीच टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में अब तक चार मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 3 मैच अपने नाम किए हैं।

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दोनों देशों के बीच एशिया कप (टी20 फॉर्मेट) के कुल तीन मैच खेले गए हैं, जिसमें 2 मुकाबले टीम इंडिया ने जीते। आइए, मैच-दर-मैच दोनों देशों के बीच टी20 फॉर्मेट के एशिया कप का इतिहास जानते हैं।

**27 फरवरी 2016 :** भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में पहली बार टी20 फॉर्मेट का एशिया कप खेला था, जिसमें पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन टीम 17.3 ओवरों में महज 83 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 15.3 ओवरों में महज 5 विकेट खोकर मैच अपने नाम किया।

**28 अगस्त 2022 :**भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को एक बार फिर 5 विकेट से शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम 19.5 ओवरों में 147 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 19.4 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**4 सितंबर 2022 :** इस बार पाकिस्तान ने पिछली दो हार का बदला लिया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। उसने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 181 रन बनाए।

इसके जवाब में मोहम्मद रिजवान (71) और मोहम्मद नवाज (42) की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने 19.5 ओवरों में 5 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली।

**14 सितंबर 2025 :** लगातार तीसरी बार टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में भारत-पाकिस्तान की टीमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने थीं।

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खराब शुरुआत के बाद 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 15.5 ओवरों में 7 विकेट शेष रहते आसान जीत दर्ज की।

## एशिया कप सुपर-4 : बांग्लादेश ने श्रीलंका को 4 विकेट से हराया

**दुबई, एजेंसी।** एशिया कप सुपर-4 के पहले मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका को 4 विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश को जीत के लिए 169 रन की जरूरत थी। बांग्लादेश ने 19.5 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाकर 4 विकेट से जीत हासिल कर ली।

दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को सलामी बल्लेबाज सैफ हसन ने तेज शुरुआत दी। हसन ने 45 गेंद पर 4 छक्के और 2 चौके की मदद से 61 रन की पारी खेल जीत की मजबूत नींव रखी। इसके बाद तौहीद ह्रदोय ने 37 गेंद पर 2 छक्के और 4 चौके की मदद से 58 रन की पारी खेल बांग्लादेश की जीत पर मुहर लगा दी। कप्तान लिटन दास ने 16 गेंद पर 23, जाकेर अली 4 गेंद पर 9 रन बनाकर आउट हुए।



श्रीलंकाई गेंदबाजों ने निराश किया। पूरी पारी के दौरान श्रीलंका के गेंदबाज कभी बांग्लादेश पर हावी होते हुए नजर नहीं आए। दासुन शनाका ने आखिरी ओवर में दो विकेट लेकर मैच में रोमांच लाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। नुवान थुसारा महंगे रहे और 4 ओवर में 42 रन लुटाए और 1 विकेट लिया। दुश्मंथा चमीरा को 1 विकेट मिला। हसरंगा और शनाका को 2-2 विकेट मिले।

इससे पहले, बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। श्रीलंका ने पूर्व कप्तान दासुन शनाका के 37 गेंद पर 6 छक्के और 3 चौके की मदद से बनाए नाबाद 64 रन की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए थे। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों पाथुम निसांका ने 15 गेंद पर 22 रन और कुसाल मेंडिस ने 25 गेंद पर 34 रन की पारी खेली थी। कप्तान चरिथ असलांका ने 12 गेंद पर 21 और कुसाल परेरा ने 16 गेंद पर 16 रन बनाए थे।

बांग्लादेश के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने एक बार फिर से श्रेष्ठ गेंदबाज की। बाएं हाथ के इस घातक गेंदबाज ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने कुसाल परेरा, कामिंडु मेंडिस और हसरंगा के बड़े विकेट लिए। महेदी हसन ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 और तस्कीन अहमद ने 4 ओवर में 37 रन देकर 1 विकेट लिए।

## अश्विन ने की पीसीबी की आलोचना, कहा- अगर मैं एंडी पाइक्रॉट होता, तो आप मुझसे माफी मांगते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इन दिनों गलत कारणों से चर्चा में है। मौजूदा टी20 एशिया कप 2025 में पीसीबी ने भारत द्वारा हाथ मिलाने की अनदेखी पर नाराजगी जताई और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर अपना गुस्सा निकाला। यूएई मैच से पहले पाइक्रॉफ्ट की पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से मुलाकात की रिकॉर्डिंग को लेकर जहां पीसीबी मुश्किल में है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बेवजह के ड्रामे के लिए बोर्ड की आलोचना की।



अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एंडी पाइक्रॉफ्ट ने वाकई सबको ऐसा घटिया तमाशा देखने से बचा लिया।

उन्होंने आगे कहा, भारत ने मैच रेफरी को पहले ही बता दिया था, यह हमारा फैसला है और हम इसका पालन करेंगे। बस। इतने सारे ड्रामे के बाद आप मैच हार गए। तो आप किस बात की शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे क्योंकि हमने हाथ नहीं मिलाया। कृपया जाकर पता लगाएं कि आप असल में क्या सुधार कर सकते हैं।

**अश्विन ने माना पाइक्रॉफ्ट की कोई गलती नहीं:** अगर भारत के साथ हाथ न मिलाना आपकी समस्या थी, तो आप यूएई के मैच में उस समस्या का हल क्यों ढूंढ रहे थे? आपको एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा क्यों बनाना पड़ा? उसने कुछ भी गलत नहीं किया। अश्विन ने आगे कहा, वह कोई स्कूल टीचर नहीं है। वह कोई प्रिंसिपल नहीं है। वह जाकर सूर्या को नहीं ला सकता और कह सकता है, आओ हाथ मिलाओ।

## बांग्लादेश खिलाफ अफगानिस्तान टीम की घोषणा, सीमित ओवर की सीरीज के लिए टीम में हुए 3 बड़े बदलाव

**अफगानिस्तान, एजेंसी।** क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश खिलाफ 2 अक्टूबर से यूएई में शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। टी20 एशिया कप 2025 के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अफगान चयनकर्ताओं ने तीन बड़े बदलाव किए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी (Fazalhaq Farooqui), ऑलराउंडर गुलबदीन नैब (Gulbadin Naib) और करीम जनत (Karim Janat) को टीम में जगह नहीं मिली।

फारूकी की जगह लंबे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद को टीम में शामिल किया गया। वह अफगानिस्तान के लिए पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अंडर-19 स्तर पर अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और पांच लिस्ट ए और 14 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 38.16 की औसत से 12 टी20 विकेट लिए हैं। इस सूची में एक और अनकैप्ड खिलाड़ी 18 वर्षीय शीर्ष क्रम बल्लेबाज वफीउल्लाह तरखिल हैं। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी टीम को जूझना पड़ा है और 2026 के टी20 विश्व कप से पहले वे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना चाहेंगे। तरखिल ने 33 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 की औसत और 145.95 के स्ट्राइक रेट से 794 रन बनाए हैं। उनके नाम पांच टी20 शतक हैं। अल्लाह गजनफर और रहमत शाह को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। वे वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

**अफगानिस्तान टी 20 टीम-** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, वफीउल्लाह तारखिल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, शराफुद्दीन अशरफ, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, बशीर अहमद, फरीद अहमद मलिक, अब्दुल्ला अहमदजई।

**रिजर्व- एएम गजनफर और रहमत शाह:** अफगानिस्तान वनडे टीम- हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांगेयालिया खारोटे, एएम गजनफर, अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी।

# रोहित शर्मा बेंगलुरु में अंडर-19 प्लेयर्स से मिले

## BCCI ने फोटोज पोस्ट किए, टीम ऑस्ट्रेलिया खेलने पहुंची

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) में अंडर-19 खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की। रोहित हाल ही में बेंगलुरु स्थिति सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे। जो पहले एनसीए (NCA) के नाम से जाना जाता था।

यहां पहुंचकर रोहित ने भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के साथ समय बिताया। हिटमैन ने उनके साथ अपना अनुभव बांटा। BCCI ने शनिवार को अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर इससे जुड़ी कुछ फोटोज शेयर की। फिलहाल, अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है, जहां आज पहला वनडे खेला जा रहा है। एक फोटो में रोहित अंडर-19 प्लेयर्स के साथ पोज कर रहे हैं। फोटो में बिहार के 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। उनके अलावा मुंबई के बैटर आयुष म्हात्रे भी दिख रहे हैं।

**अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई:** इंडिया अंडर-19 और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के बीच पहला वनडे मैच आज खेला जा रहा है। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा, जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी। सीरीज का पहला फोर-डे टेस्ट मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक खेला जाएगा।



**इंडिया अंडर-19 टीम:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलन पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान। स्टैंडबाय खिलाड़ी- युधजीत गुहा, लक्ष्मण, बी.के. किशोर, अलंकृत रापोल, अर्नव बुग्गा।

**वैभव सबसे कम उम्र में IPL डेब्यू करने वाले प्लेयर:** वैभव ने 14 साल और 23 दिन की उम्र में IPL में डेब्यू किया था, जो कि IPL इतिहास में सबसे कम उम्र का डेब्यू करने वाला खिलाड़ी है। उन्होंने 19 अप्रैल 2025 को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए डेब्यू किया था। वैभव ने अपने डेब्यू मैच में 20 गेंदों में 34 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। पहले यह रिकॉर्ड प्रयास रे बर्मन के नाम था। उन्होंने 16 साल 157 दिन में डेब्यू किया था।

## उप मुख्यमंत्री ने नमो युवा रन की दिखाई हरी झण्डी

# नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ एवं तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प लें : राजेन्द्र शुक्ल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहते हुए नशे से दूर रहकर तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प लेना है। सुबह जल्दी उठें, शारीरिक व्यायाम करें तदुपरांत अपने दैनिक कार्यों को तनावमुक्त होकर करें। उप मुख्यमंत्री ने नमो युवा रन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रीवा मुख्यालय में आयोजित युवा रन में हजारों की संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। एनसीसी मैदान से आरंभ हुई युवा मैराथन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुए एनसीसी मैदान में समाप्त हुई। उप मुख्यमंत्री भी नमो युवा रन में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न रचनात्मक कार्य होंगे ताकि हम सभी इसे अपनी दैनिक दिनचर्चा में शामिल कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि फिट इंडिया में सभी स्वस्थ व स्फूर्तवान रहें। नमोयुवा रन के माध्यम से शहर व जिलेवासियों में यह संदेश जायेगा कि वह स्वस्थ रहने के लिये व्यायाम व दौड़ में भाग लें। शुक्ल ने दौड़ेगा रीवा दौड़ेगा भारत का नारा दिया। उन्होंने कहा कि नशे से बचाव के लिये युवा आगे आयें। स्वयं भी नशा न करें व नशे करने वालों की सूचना दें ताकि उनका नशा छुड़ाया जा सके। शुक्ल ने कहा कि जिले में नशा का कारोवार करने वाले जेल में हैं।

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि युवा स्वस्थ, फिट व नशे से दूर रहें। प्रधानमंत्री की पहल है कि देश के युवा अनुशासित व नशे से




दूर रहकर अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिये जागरूक करें। पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से आरंभ सेवा पखवाड़ा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नमो युवा रन आदि का आयोजन उसी कड़ी में किया गया। आने वाले दिन में प्रबुद्धजनों से संवाद किया जायेगा।

नमो युवा रन में प्रधानमंत्री का संदेश सुना गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के उद्देश्य से कराटे का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, रावेन्द्र मिश्रा, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र पाण्डेय, संभागीय खेल अधिकारी एम.के. धोलपुरी सहित बड़ी संख्या में शहरवासी व छात्र-छात्राएँ एवं युवा उपस्थित रहे।

## 20 जगह दुर्गा प्रतिमाएं होंगी स्थापित, तहसीलदार बोले- प्रतिमा स्थलों की जानकारी थाने में देना जरूरी



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज ( निप्र )।** जिले के हनुमना थाना परिसर में शनिवार की शाम को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी पर्व की तैयारियों पर विचार-विमर्श हुआ। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ष 18 से 20 जगह दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण, धर्मशाला परिसर और सीधी रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास विशाल प्रतिमाएं स्थापित होंगी। इन स्थानों पर विशेष सुरक्षा, स्वच्छता और बिजली की व्यवस्था की जाएगी।

**बैठक में विक्रेताओं के अतिक्रमण का मुद्दा उठा:** बैठक में पुराने थाने के तिराहे पर ठेला और सब्जी विक्रेताओं के अतिक्रमण का मुद्दा भी उठा। तहसीलदार शिवम कुमार गौतम ने आयोजकों से प्रतिमा स्थापना स्थलों की जानकारी थाने में देने को कहा। थाना प्रभारी अनिल काकड़े ने आयोजकों से प्रशासन के साथ सहयोग की अपील की। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, नायब तहसीलदार बुद्धसेन मांझी, पूर्व अध्यक्ष रमेश जायसवाल, पार्षद रामबाबू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता और भाजपा नेता ज्योति गुप्ता समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। व्यापारी संघ के पदाधिकारी, डीजे संचालक और ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली आयुषी को दी बधाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा की प्रतिभाशाली बेटी आयुषी वर्मा को बधाई दी। उन्होंने आयुषी के निवास पहुंचकर उसका अंगवस्त्रश्रम से सम्मान किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि आयुषी ने एसएससीडब्ल्यू (टेक्निकल) प्रवेश परीक्षा में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा यूपीएससी की सीडीएस परीक्षा में देश में 24वां स्थान प्राप्त कर अद्वितीय उपलब्धि हासिल की।

## मऊगंज में आयोजित हुई साइकिल रैली, फिटनेस का डोज; आधा घण्टा रोज अभियान के तहत साइकिल रैली को दिखाई गयी हरी झण्डी

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज ( निप्र )।** मऊगंज जिला मुख्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत फिट इंडिया अभियान अन्तर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष श्री बृजवासी पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। साइकिल रैली शहीद केदारनाथ महाविद्यालय से आरंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई।

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि साइकिल चलाने से तन और मन स्वस्थ रहता है तथा पर्यावरण भी




स्वच्छ होता है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों व आम नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखना चाहिए। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सभी के प्रयासों से मऊगंज को स्वच्छ जिला बनाने का संकल्प लिया गया है। साइकिल रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मोटर दुर्घटना दाबा अधिकरणों से संबंधित पोर्टल का हुआ शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली परिसर में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ऑनलाइन डैशबोर्ड फॉर क्लेमेन्ट रीइम्बर्समेंट एंड डिपॉजिट सिस्टम तथा एम.ए.सी.टी. पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी तथा न्यायमूर्ति आलोक अराधे एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति अतुल धरन, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शुभारंभ अवसर पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा न्याय तक पहुंच केवल संवैधानिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। एम.ए.सी.टी. पोर्टल और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार तैयार किया जा रहा डैशबोर्ड, दोनों मिलकर दुर्घटना पीड़ितों को समयबद्ध और पारदर्शी राहत उपलब्ध कराएंगे।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल न्याय की दिशा में यह पोर्टल मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों से संबंधित मामलों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन प्रगति ट्रैकिंग और मुआवज़ा वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। इसके माध्यम से पीड़ितों और उनके परिजनों को शीघ्र और सरल न्याय उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में एक विशेष डैशबोर्ड भी तैयार किया जा रहा है। जिसमें मोटर वाहन अधिनियम, 1988 तथा कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अंतर्गत स्वीकृत मुआवज़े की राशि और उससे संबंधित विवरण नियमित रूप से अपलोड होंगे। यह व्यवस्था दावेदारों, अधिवक्ताओं, बीमा कंपनियों और अधिकरणों सहित सभी हितधारकों के लिए उपयोगी होगी।

उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मध्यप्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों की अदालतों में न्यायाधीशों द्वारा देखा और सुना गया। जिले में यह कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समीर कुमार मिश्र (सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) एवं जिला मुख्यालय में पदस्थ सभी न्यायाधीश कॉन्फ्रेंस कक्ष में इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।

## महिला की हत्या का कातिल गिरफ्तार, जीजा ने ही की थी हत्या; पैसों की लेने-देन को लेकर हुआ था विवाद

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जिले के सोहागी थाना अंतर्गत चौरा गांव में 17 सितंबर की रात एक महिला की गला दबा कर हत्या कर दी गई। मृतक महिला हमीदु निशा अपने सात साल के बच्चे के साथ घर पर अकेली थी क्योंकि उसका पति ट्रक चलाने के काम से बाहर था।

रिश्ते के फूफा बेचन अली अपने दो साथियों के साथ महिला के घर पहुंचा था। वे मुर्गा-दारू पार्टी कर रहे थे। बेचन अली ने महिला के पति को करीब एक लाख रुपए उधार दिए थे, जिनकी वापसी की मांग करने पर विवाद शुरू हुआ। गुस्से में आरोपियों ने महिला से मारपीट कर उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



**मासूम बच्चा अनजान रहा:** विवाद के दौरान बच्चे को घर से बाहर निकाल दिया गया। घटना के बाद बच्चा वापस घर में आया और मां के शव के पास सो गया। सुबह परिजन जब महिला के बारे में पूछते हैं तो बच्चा सोने की बात कहता है। परिजन जब घर में गए तो महिला की मौत का पता चला।

**आरोपियों की गिरफ्तारी:** पुलिस ने बच्चे के बयान और जांच के बाद आरोपी फूफा बेचन अली (44) को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उसके एक नाबालिग साथी को भी पकड़ा गया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। रीवा की एडिशनल एसपी आरती सिंह ने बताया कि आरोपी बेचन अली को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## विश्व सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं जरूरत है कि इनका हौसला बढ़ाया जाय। दिव्यांग बच्चे वो सब कर सकते हैं जो सामान्य इंसान करता है। उप मुख्यमंत्री ने विश्व सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया।



माखनलाल चतुर्वेदी संचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हर क्षेत्र में, हर वर्ग के लिए कार्य किया है। उन्होंने विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग कहकर इन्हें समाज में सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर अपनी सहमति व्यक्त की।

इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि सांकेतिक भाषा के सृजनकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं जिससे इस भाषा ने मूक बधिरों को आत्मनिर्भर बनाते हुए समानता से जीने का अधिकार दिया। प्रधानमंत्री जी आत्मनिर्भर भारत के तहत सांकेतिक भाषा के लिए सतत प्रयासरत हैं। मिश्र ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन्हें समाज के किसी भी क्षेत्र में पिछड़ने न दिया जाय। कार्यक्रम में मूक बधिर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गयीं। दुबई में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता रहे दिव्यांग खिलाड़ी जयदीप सिंह व रोहित चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। दिव्यांग बच्चों ने प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन और सेवा पखवाड़ा मनाये जाने के उपलक्ष्य में केक काटकर अतिथियों तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्रो. जयराम शुक्ला, राजेश पाण्डेय, सतीश सिंह सहित विन्ध्य बधिर संगठन के सदस्य तथा दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## दिव्यांगता की पहचान के लिए आज सिरमौर में शिविर का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए जिला स्तरीय स्क्रीनिक शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में जन्म से 18 वर्ष की आयु के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविरों का आयोजन 15 सितंबर से आरंभ हो गया है। दिव्यांगता चिन्हांकन शिविर 22 सितंबर को नगर परिषद सिरमौर में आयोजित किया गया है। दो माह की समय सीमा में सभी संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, सामाजिक न्याय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आयुष तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के समन्वय से किया जाएगा। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। स्क्रीनिंग शिविर के आयोजन में विभागों से समन्वय के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को ग्रामीण क्षेत्र का नोडल अधिकारी तथा आयुक्त नगर निगम को शहरी क्षेत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविर में चिन्हांकित बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआई नम्बर प्रदान कर दिए जाएंगे ताकि 30 नवम्बर तक उन्हें शासन की पेंशन व अन्य योजना का लाभ दिलाया जा सके।

# रीवा में अवैध संचालित होटलों को किसका संरक्षण?

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** रीवा में अवैध रूप से संचालित होटलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता और असंतोष व्याप्त है। खासकर, विश्वविद्यालय क्षेत्र में संचालित चाँद कमरों का कथित होटल न तो कमर्शियल है और न ही यहां कोई सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह होटल छात्रों के लिए एक असुरक्षित वातावरण बना रहा है, जो कि गंभीर चिंता का विषय है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस के कुछ कर्मचारी पैसे लेकर इन अवैध होटलों को मौन सहमति दे रहे हैं। इस स्थिति ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या स्थानीय प्रशासन इन अवैध गतिविधियों



पर ध्यान नहीं दे रहा है।

एक ओर जहां छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई के लिए शहर में आते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें इन अवैध होटलों में रूम लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह स्थिति न केवल छात्रों के लिए खतरनाक है, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी चिंता का विषय है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और अवैध होटलों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

इसके अलावा, यह भी सवाल उठता है कि कॉलेज और स्कूल प्रबंधन को इन बच्चों के संबंध में जानकारी क्यों नहीं है। क्या उन्हें इस अवैध गतिविधि के बारे में कोई जानकारी नहीं है, या वे जानकर भी अनजान बने हुए हैं? यह स्थिति शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठाती है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन ने समय पर कदम नहीं उठाए, तो यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है। अवैध होटलों की बढ़ती संख्या और पुलिस की कथित मिलीभगत ने एक गंभीर मुद्दा पैदा कर दिया है, जिसे तुरंत सुलझाने की आवश्यकता है।

## राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का उप मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 22 सितंबर से 26 सितंबर तक आयोजित की जा रही 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 22 सितंबर को करेंगे। शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक एवं तीन के मैदान में दोपहर 2 बजे से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष जिला पंचायत नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे तथा सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर उपस्थित रहेंगे।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आज से शिविर का आयोजन

**रीवा।** संभागीय पेंशन कार्यालय रीवा में 22 से 24 सितम्बर तक रीवा और मऊगंज जिलों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में संभागीय पेंशन अधिकारी टीएन टेकाम ने बताया कि शिविर में 30 सितम्बर तक सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।